कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 373, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net
प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 08 फरवरी 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**अडानी समूह को लाभ पहुंचाने के लिए मोदी सरकार ने बदले नियम : राहुल गांधी, 2014 में अमीरों की लिस्ट में 609 नंबर पर थे, जादू हुआ और 2 नंबर पर आ गए**

## अडाणी विवाद: राहुल ने पीएम मोदी को घेरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व लोकसभा सांसद राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार ने अडानी समूह को लाभ पहुंचाने के लिए कई नियम बदले हैं। अडानी समूह को सरकार ने उन कार्यों का भी जिम्मा सौंप दिया जिसमें समूह को कोई अनुभव नहीं था। राहुल ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि अडानी समूह को लाभ पहुंचाने के लिए एयरपोर्ट के नियमों में बदलाव किए गए। उन्होंने कहा कि पहले नियम था कि अगर कोई एयरपोर्ट के व्यवसाय में नहीं है तो वह एयरपोर्ट को नहीं ले सकता है। लेकिन इस नियम को मोदी सरकार ने अडानी के लिए बदल दिया और 06 एयरपोर्ट अडानी समूह को सौंप दिए। उन्होंने कहा कि ड्रोन सेक्टर में भी अडानी समूह को कोई अनुभव नहीं था। उस क्षेत्र में भी सरकार ने अडानी समूह को लाभ पहुंचाए हैं। राहुल ने कहा कि वर्ष 2014 में दुनिया के अमीर लोगों की लिस्ट में अडानी 609 नंबर पर थे। लेकिन मोदी सरकार के आते ही वह कुछ वर्षों में दूसरे नंबर पर आ गए। इससे साफ पता चलता है कि मोदी सरकार ने किस तरह से अडानी समूह को लाभ पहुंचाया है। राहुल ने कहा कि अडानी समूह में पीएम मोदी के दबाव में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने निवेश किए। उन्होंने कहा कि अडानी समूह को सरकारी बैंकों ने भी पीएम मोदी के दबाव में लोन दिया। उल्लेखनीय है कि राहुल ने अपने संबोधन में हिंडनबर्ग सहित अग्निपथ योजना पर भी सवाल उठाए। राहुल ने कहा कि अग्निपथ योजना भी सरकार ने जबरन युवाओं पर थोपा है।



**अडाणी जी को 6 एयरपोर्ट दिए गए:** राहुल ने आगे कहा कि कुछ साल पहले सरकार ने एयरपोर्ट्स डेवलप करने को दिए। नियम था कोई भी जिसे एक्सपीरियंस ना हो, वो इसमें शामिल नहीं हो सकता। सरकार ने नियम बदला और अडाणी जी को 6 एयरपोर्ट दिए गए। दुनिया का सबसे ज्यादा प्रॉफिटेबल मुंबई एयरपोर्ट ने हाईजैक कर लिया। सीबीआई और ईडी का इस्तेमाल करके हिंदुस्तान के उस एयरपोर्ट को अडाणी जी के हवाले कर दिया। रिजल्ट आया कि आज अडाणी जी हिंदुस्तान के 24% एयरपोर्ट ले गए। हिंदुस्तान की सरकार और प्रधानमंत्री ने ये सुविधा दी। आपने देखा कि एयरपोर्ट बिजनेस में 30% मार्केट शेयर अडाणी जी का है।

**'डिफेंस में अडाणी जी का जीरो एक्सपीरियंस, फिर भी उन्हें कॉन्ट्रैक्ट मिले'**

**राहुल** गांधी ने कहा कि हम फॉरेन पॉलिसी की बात करते हैं। डिफेंस से शुरू करते हैं। डिफेंस में अडाणी जी का जीरो एक्सपीरियंस था। प्रधानमंत्री इजराइल जाते हैं और फिर अडाणी जी को कॉन्ट्रैक्ट मिल जाता है। इनके पास डिफेंस की 4 कंपनियां हैं। अडाणी को जादू से मेंटेनेंस का कॉन्ट्रैक्ट, इजराइली ड्रोन और छोटे हथियारों का कॉन्ट्रैक्ट मिल जाता है। उसमें पेगासस भी है। हिंदुस्तान-इजराइल का डिफेंस बिजनेस 90% अडाणी जी ले गए। ऑस्ट्रेलिया चलते हैं। प्रधानमंत्री ऑस्ट्रेलिया जाते हैं और जादू से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया वन बिलियन डॉलर लोन अडाणी जी को दे देता है। उसके बाद बांग्लादेश में गए वहां पर इलेक्ट्रिसिटी बेचने का डिसीजन लिया जाता है। कुछ दिन बाद बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड 25 साल का कॉन्ट्रैक्ट अडाणी जी के साथ साइन करता है। श्रीलंका चलते हैं। जून 2022 में इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड के चेयरमैन ने संसद में बताया कि राष्ट्रपति राजपक्षा ने उनसे कहा था कि मोदी जी ने उन पर दबाव डाला था कि अडाणी को विंड पावर प्रोजेक्ट दे दिया जाए।

**राहुल ने कहा- भारत जोड़ो यात्रा में लोगों ने सरकार की योजनाओं पर उठाए सवाल:** राहुल ने कहा कि जब हम चले तो जनता की आवाज सुनी। यात्रा बोलने लगी। कोई आता था कहता था कि बेरोजगार हूं। हजारों किसान आए। पीएम बीमा योजना की बात की। बोले हम पैसा भरते हैं, तूफान-आंधी आती है और पैसा गायब हो जाता है। किसानों ने यह भी कहा कि हमारी जमीन छीन ली जाती है और सही रेट नहीं मिलता। जमीन अधिग्रहण बिल लागू नहीं होता। आदिवासियों ने कहा कि ट्राइबल बिल में जो दिया जाता था, वो छीना जा रहा है।

### अडानी मुद्दे पर जेपीसी की मांग को लेकर अडिग है विपक्ष : खड़गे

**नई दिल्ली। कांग्रेस** अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को कहा कि अडानी समूह पर लगे आरोपों को लेकर विपक्ष संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की मांग को लेकर अडिग है। खड़गे ने मीडिया से बातचीत में कहा कि विपक्षी दल चाहते हैं कि संसद चले, लेकिन सत्ता पक्ष अडानी मुद्दे पर कोई जवाब देना नहीं चाहती है। इसलिए सदन की कार्यवाही को बार-बार स्थगित किया जा रहा है। इसी संदर्भ में आगे खड़गे ने कहा कि अडानी मुद्दे पर सदन में चर्चा के लिए नियम 267 के तहत उन्होंने चर्चा के लिए नोटिस दिया था, लेकिन उसे खारिज कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि विपक्ष की मांग है कि हिंडनबर्ग की ओर से अडानी समूह पर लगाए गए आरोपों के लिए जेपीसी गठित की जाए। विपक्ष का आरोप है कि मोदी सरकार के कहने पर अडानी समूह में भारतीय जीवन बीमा निगम ने निवेश किया था। ऐसे में सभी पहलुओं पर जांच होनी चाहिए।

## ठग हैं योगी आदित्यनाथ : राहुल गांधी

**नई दिल्ली:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ठग कह दिया। राहुल ने सोमवार को दिल्ली में सामाजिक संगठनों से बातचीत के दौरान यह बात कही। कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में हो रही इस मीटिंग में स्वराज इंडिया के चीफ योगेंद्र यादव भी मौजूद थे।

**राहुल बोले- बीजेपी अधर्म फैला रही है:** मीटिंग के दौरान राहुल गांधी से यूपी के हालात पर सवाल किया गया। इस पर राहुल ने जवाब दिया कि कोई भी धर्म उत्तर प्रदेश में हिंसा को बढ़ावा नहीं दे रहा है, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी भाषा के चलते धार्मिक नेता नहीं कहे जा सकते। सिर्फ भगवा पहन लेने से कोई धार्मिक नेता नहीं हो जाता। माफी चाहूंगा, लेकिन आदित्यनाथ कोई धार्मिक नेता नहीं, बल्कि सामान्य से ठग हैं। भाजपा उत्तर प्रदेश में अधर्म फैला रही है।




**राहुल बोले- कांग्रेस तपस्वियों की पार्टी:** राहुल से सवाल हुआ कि यूपी में जो धर्म की आंधी चल रही है, उस पर क्या कहेंगे।

### महाराष्ट्र में कांग्रेस नेता बालासाहेब थोरात ने दिया इस्तीफा

**मुंबई:** महाराष्ट्र में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और विधायक दल के नेता बालासाहेब थोरात ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, थोरात ने पार्टी प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले के साथ काम करने से इनकार भी कर दिया था। सोमवार को थोरात ने पटोले से नाराजगी को लेकर पार्टी हाईकमान को लेटर लिखा था। माना जा रहा है कि वे अपने फैसले पर अडिग हैं और पार्टी में दोबारा आने की संभावना नहीं हैं। दरअसल, पार्टी की यह लड़ाई तब सामने आई जब बालासाहेब थोरात के बहनोई ।

## 'हेट स्पीच को लेकर कोई समझौता नहीं किया जा सकता'



**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच और हेट क्राइम को लेकर एक अहम टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि भारत जैसे एक धर्मनिरपेक्ष देश में धर्म के आधार पर हेट क्राइम के लिए कोई जगह नहीं है। कोर्ट ने साथ में यह भी कहा कि देश में लगातार हेट स्पीच के मामले बढ़ते जा रहे हैं। इसको लेकर कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। यह राज्य की जिम्मेदारी है कि ऐसे मामलों में आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। साल 2021 में नोएडा में 62 साल के काजीम अहमद शेरवानी हेट क्राइम का शिकार हो गए थे। इसी मामले में सुनवाई करते हुए जस्टिस केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली बेंच ने टिप्पणी की है।

**हेट क्राइम को कारपेट के नीचे नहीं दबा सकते:** हेट स्पीच के बढ़ते मामलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जाहिर की और सुनवाई शाम 6 बजे तक चलती रही। कोर्ट ने कहा कि यदि राज्य अभद्र भाषा की समस्या को स्वीकार करता है तभी उसका एक समाधान निकाला जा सकता है। इसके अलावा कोर्ट ने पुलिस से सवाल किया कि क्या हेट क्राइम को पहचाना जाएगा या इसे दबाने की कोशिश की जाएगी? ये हेट क्राइम है। क?या आप इसे कारपेट के नीचे दबा देंगे?

**धर्म के नाम पर किसी को पीटे जाने पर भी केस न होना एक समस्या है:** अगर कोई व्यक्ति पुलिस के पास आता है और कहता है कि मैंने टोपी पहन रखी थी और मेरी दाढ़ी खींची गई और धर्म के नाम पर गाली दी गई। इसके बाद भी कोई केस दर्ज नहीं किया गया तो यह एक समस्या है। ऐसे पुलिस वालों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।

कोर्ट ने आगे कहा कि जो कोई पुलिस स्टेशन आ रहा है, उसे आरोपी जैसा महसूस नहीं कराया जाना चाहिए।

## जेईई मेन रिजल्ट: 20 उम्मीदवारों ने 100 पर्सेंटाइल स्कोर किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मुख्य-2023, सेशन 1 का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इंजीनियरिंग के पेपर में कुल 20 उम्मीदवारों ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। किसी भी महिला उम्मीदवार ने 100 पर्सेंटाइल हासिल नहीं किया है।

एनटीए द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 100 एनटीए स्कोर करने वाले 20 उम्मीदवारों में अभिनीत मजीती, अमोघ जालान, अपूर्वा समोता, आशिक स्टेनी, बिकिना अभिनव चौधरी, देशांक प्रताप सिंह, ध्रुव संजय जैन, ज्ञानेश हेमेंद्र शिंदे, दुग्गीनेनी वेंकट युगेश, गुलशन कुमार, गुथिकोंडा अभिराम, कौशल विजयवर्गीय, कृष गुप्ता, मयंक सोनी, एन के विश्वजीत, निपुण गोयल, ऋषि कालरा, सोहम दास, सुथार हर्षुल संजयभाई और वाविलला चिदविलास रेड्डी शामिल हैं। जेईई मेन पेपर 1 (बी.ई./बी.टेक.) के लिए 8,60,064 उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया था, जबकि पेपर 2ए और पेपर 2बी (बी. आर्क, बी. प्लानिंग) के लिए 46,465 उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया था।

**'हल्द्वानी के 4 हजार घर और मंदिर-मस्जिद फिलहाल नहीं टूटेंगे'**

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- 8 हफ्ते तक नहीं होगी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

**देहरादून:** सुप्रीम कोर्ट में हल्द्वानी में रेल प्रशासन के दावे वाली जमीन से कब्जाधारियों को हटाने के उत्तराखंड हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ याचिका पर सुनवाई की। उत्तराखंड सरकार और रेलवे ने सुप्रीम कोर्ट से मामले का समाधान खोजने के लिए समय मांगा, जिसके बाद कोर्ट ने कहा कि हल्द्वानी के अतिक्रमण 8 हफ्ते तक नहीं हटाए जाएंगे। मामले में अगली सुनवाई 2 मई को होगी। मामला जस्टिस एस के कौल, जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच में था। इसके पहले भी 5 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में




उत्तराखंड हाईकोर्ट के अतिक्रमण फैसले पर रोक लगा दी थी। हल्द्वानी के बनभूलपुरा में रेलवे की 29 एकड़ जमीन पर लोग रहते हैं। रेलवे ने समाचार पत्रों के जरिए नोटिस जारी कर अतिक्रमणकारियों को 1 हफ्ते के अंदर यानी 9 जनवरी तक कब्जा हटाने को कहा था। उत्तराखंड की नैनीताल हाईकोर्ट ने इस अवैध कब्जे को गिराने का आदेश दिया था। इसके बाद करीब 4 हजार से अधिक कच्चे-पक्के मकानों को तोड़ा जाना था, लेकिन कोर्ट के आदेश के खिलाफ दिसंबर में कुछ लोगों ने प्रदर्शन किया और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हालांकि 5 जनवरी को हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के अतिक्रमण हटाने के आदेश पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने कहा था कि 7 दिन में 50 हजार लोगों को विस्थापन संभव नहीं है। हल्द्वानी रेलवे स्टेशन के आसपास का यह इलाका करीब 2 किलोमीटर से भी ज्यादा के क्षेत्र को कवर करता है।

**हड्डियां पीसने की बात कहकर पुलिस को गुमराह किया, चार्जशीट में दावा**

## आफताब ने श्रद्धा का चेहरा बर्नर से जलाकर बिगाड़ा

**नई दिल्ली: दिल्ली** के महरौली में हुए श्रद्धा वाकर मर्डर केस में नया खुलासा हुआ है। पुलिस की चार्जशीट के अनुसार आफताब पूनावाला ने अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वाकर की हत्या के बाद उसका चेहरा और सिर बिगाड़ने के लिए ब्लो टॉर्च (धातु गलाने वाला बर्नर) का उपयोग किया था। आफताब ने कबूल किया कि श्रद्धा की अस्थियां जलाने और ग्राइंडिंग मशीन में पीसने का उसका पिछला खुलासा पुलिस को गुमराह करने के लिए था।

**आरी से काटा शव, फिर बैग में रखे टुकड़े:**

पुलिस की 6600 पन्नों की चार्जशीट में कहा गया है कि आफताब ने पुलिस को अपने नए कबूलनामे में बताया कि हत्या की रात वह अपने घर के पास की एक हार्डवेयर की दुकान पर गया और एक आरी, तीन ब्लेड, एक हथौड़ा और प्लास्टिक की क्लिप खरीदी। श्रद्धा के शव को बाथरूम में ले गया और आरी से पहले उसके हाथ काटे और उन्हें पॉलीथिन बैग में रख दिया।

उसने यह बैग अपनी रसोई के निचले कैबिनेट में रख दिए। अगले दिन रात करीब 2 बजे उसने श्रद्धा के शरीर के पैर के हिस्से को दिल्ली के छतरपुर जंगल क्षेत्र में ठिकाने लगा दिया। अगले 4-5 दिनों में आफताब ने श्रद्धा के शरीर के 35 टुकड़े किए और उन्हें दक्षिण दिल्ली के महरौली में अपने घर में लगभग तीन सप्ताह तक 300 लीटर के फ्रिज में रखा ताकि वे सड़ें नहीं। उसने एक-एक करके उसके शरीर के अंगों को ठिकाने लगाया। हत्या के तीन महीने बाद उसके सिर को ठिकाने लगाया।

## जम्मू-कश्मीर में अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई जारी

**अवैध निर्माण ढहाने पर आतंकी धमकियां मिल रहीं, पथराव भी हो रहे**

**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर में अतिक्रमण हटाने और अवैध निर्माण ढहाने के अभियान का विरोध बढ़ गया है। कई जगह उग्र प्रदर्शन हुए हैं। जम्मू के मलिक बाजार में पुलिस, जेसीबी और राजस्व अधिकारियों पर लोगों ने पथराव किया। पथराव तब हुआ, जब जेसीबी से कश्मीरी व्यापारी के बड़े शोरूम को गिराने की कोशिश की गई। इसमें तीन पुलिसकर्मियों को चोटें आई हैं। पुलिस ने शोरूम के मालिक सहित पांच को गिरफ्तार किया है। जम्मू के मइसम्मा, सुंजवां, बठिंडी और नरवाल बाईपास इलाकों में हजारों लोग सड़कों पर उतरे। वे अपने हाथों में तिरंगा झंडा लिए हुए थे। आतंकी



संगठन टीआरएफ ने कार्रवाई कर रहे राजस्व अधिकारियों को अंजाम भुगतने की धमकी दी है। पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती ने कहा कि भाजपा ने जम्मू-कश्मीर को अफगानिस्तान बना दिया है

**हमारी जमीन, तुम्हारे आदेश नहीं चलेंगे:** दक्षिण कश्मीर में किसान तहरीक एसोसिएशन के बैनर तले सैकड़ों लोगों ने विरोध रैली निकाली। हाथों में बैनर लिए प्रदर्शनकारी हमारी जमीन, तुम्हारे आदेश नहीं चलेंगे के नारे लगाए। इससे पहले शहर में 25 दुकानों को सील किए जाने पर दुकानदारों ने लाल चौक में विरोध प्रदर्शन किया था। दुकानदारों द्वारा लाल चौक पर आत्मदाह की धमकी के बाद प्रशासन ने उन्हें दुकानें खोलने की अनुमति दे दी। कांग्रेस, आप और अन्य दलों ने जम्मू में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण विरोधी विरोध प्रदर्शन किए। उन्होंने इस अभियान को गरीब विरोधी करार दिया है।

**प्रशासन ने कहा- खाली कराई जा रही जमीन गरीबों को देंगे:** केंद्रशासित राज्य के मुख्य सचिव डॉ. अरुण कुमार मेहता ने कहा कि राज्य की अतिक्रमित भूमि को बड़े निहित स्वार्थों से वापस लिया जा रहा है और इसे लोगों को वापस दिया जाएगा।

### तुर्की भूकंप हादसा : भारत ने मदद के लिए बढ़ाया हाथ

**नई दिल्ली।** तुर्की में आए भीषण भूकंप से वहां का जन-जीवन अस्त-व्यस्त है। ऐसे में भारत सरकार ने तुर्की की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि भारत सरकार तुर्की में आए भूकंप से निपटने के लिए सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में तुर्की के भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में खोज और बचाव अभियान के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की दो टीमों को वहां भेजा गया है। गृह मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश के अनुसार आज राष्ट्रीय आपदा मोचन।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में पूर्वोत्तर में हुआ काफी विकास : भाजपा

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को एक शोध रिपोर्ट के हवाले से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे पूर्वोत्तर में काफी विकास हुआ है। आज यहां की जनता का मनोबल काफी बढ़ा है, क्योंकि उन्हें सही व्यवस्थाएं मिली हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय मंत्री सवानंद सोनोवाल और लोकनीति प्रतिष्ठान के निदेशक डॉ. सुमीत भसीन ने संयुक्त रूप से नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पब्लिक पॉलिसी रिसर्च सेंटर की त्रिपुरा से जुड़ी एक रिपोर्ट का विमोचन किया। डॉ सुमित भसीन ने रिपोर्ट के संबंध में कहा कि पब्लिक पॉलिसी रिसर्च सेंटर, 2018 के बाद त्रिपुरा में लाए गए विकास के संबंध में अपने निष्कर्षों के माध्यम




से, हाल के वर्षों में किसानों की आय में भारी वृद्धि और सामाजिक के साथ-साथ आर्थिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने का खुलासा करता है। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा के अंदर शोध में सामने आया है कि काफी बदलाव आया है। 2018 के बाद से किसानों की आय 98 प्रतिशत बढ़ी। इसी तरह गैस कनेक्शन, विद्युतीकरण, सड़कें हर क्षेत्र के विकास में काफी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से शिक्षा क्षेत्र में अभूतपूर्व मजबूती आई है। त्रिपुरा में लड़कियों को न केवल स्कूल स्तर तक, बल्कि उनके स्नातक स्तर तक मुफ्त शिक्षा प्रदान की जाती है। इसके अलावा, स्वयं सहायता समूहों की संख्या 40,000 से अधिक हो गई है, जो 2018 से पहले केवल 4,000 थी। केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में त्रिपुरा में काफी प्रगति हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे पूर्वोत्तर में काफी विकास हुआ है। आज यहां की जनता का मनोबल काफी बढ़ा है, क्योंकि उन्हें सही व्यवस्थाएं मिली हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व स्तर पर चमक रहा है। भाजपा के 9 साल के शासन ने हमारे देश में नई ऊर्जा का संचार किया है। मोदी की सरकार के रूप में किसी भी सरकार ने पूर्वोत्तर के विकास और समृद्धि की परवाह नहीं की। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों पर पूर्वोत्तर को इतना महत्व नहीं देने का आरोप लगाते हुए कहा कि पिछली सरकार ने कभी भी पूर्वोत्तर के लिए राष्ट्रीय स्तर पर काम नहीं किया।

## देश को ठगने का रहा है कांग्रेस का इतिहास: योगी

**त्रिपुरा विधानसभा के चुनावी समर में उतरे सीएम योगी**

**उत्तर त्रिपुरा/खोवाई/त्रिपुरा:**

**त्रिपुरा विधानस**भा के चुनावी समर में मंगलवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उतर गए। उन्होंने यहां दो विधानसभा क्षेत्रों में विजय संकल्प रैली (बागबासा, कल्याणपुर-प्रमोदनगर) व एक विधानसभा क्षेत्र में रोड शो कर विकास कार्यों के बलबूते दूसरी बार त्रिपुरा में भाजपा सरकार बनाने की अपील की तो कुशासन व घोटाले गिनाकर कम्युनिस्टों और कांग्रेस पर हमलावर रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास देश को ठगने का



रहा है। दोनों पार्टियां आपकी सुरक्षा में सेंध लगाने आई हैं। बागबासा से भाजपा उम्मीदवार जादब लाल नाथ के पक्ष में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहली जनसभा के दौरान कहा कि पांच वर्ष में डबल इंजन की सरकार के कार्यों ने त्रिपुरा को अलग पहचान दिलाई है। प्रधानमंत्री मोदी के मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास का वास्तविक रूप त्रिपुरा में धरातल पर दिख रहा है। पीएम आवास योजना में तीन लाख परिवार को आवास, स्वच्छ भारत मिशन में हर गरीब परिवार के पास शौचालय, पीएम उज्ज्वला योजना में हर परिवार के पास फ्री रसोई गैस कनेक्शन, हर घर नल योजना से अधिकतर गांवों में शुद्ध पेयजल सुनिश्चित करना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ उपलब्ध कराना, आयुष्मान भारत योजना हो या मनरेगा के अंतर्गत मिलने वाला काम।

# सिटी आस-पास संदेश

## खबर संक्षेप

### 52 पुड़िया स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**नैनी।** कोतवाली की पुलिस टीम ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया तलाशी के दौरान उनके पास से काफी मात्रा में स्मैक की पुड़िया बरामद हुई इंस्पेक्टर नैनी बृजेश सिंह ने बताया कि सन्तोष कुमार सिंह चौकी प्रभारी मामा भांजा, कां.आनन्द कुमार सिंह, गुलशन यादव, देवेन्द्र कुमार सिंह व अंजीत सिंह की टीम ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर धनुहां मेला ग्राउण्ड, सीओडी रोड नैनी के पास से विरेन्द्र भारतीया पुत्र चन्द्रिका प्रसाद निवासी धनुहां व श्यामू उर्फ बम्बई पुत्र संगम निवासी धनुहा को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से 52 पुड़िया स्मैक कुल वजन 19.00 ग्राम बरामद किया गया है। दोनों के खिलाफ लिखापढ़ी कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# युवक की मौत पर नाराज परिजनों ने अस्पताल में की तोड़फोड़



**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** क्षेत्र के नई झूंसी स्थित एक हॉस्पिटल में मंगलवार की दोपहर इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई युवक की मौत पर परिजन इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में तोड़फोड़ शुरू कर दी। जिससे अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस परिजनों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया तब शव को पीएम के लिए भेजा गया।

नारायणदास पुरवा गांव निवासी मंजीत सोनकर 20 पुत्र कैलाश सोनकर साइकिल पंचर की दुकान चलाता था। पखवारे भर पहले उतरांव में उसका एक्सीडेंट हो गया था जिसमें उसे हल्की चोट आई थी पास के अस्पताल में इलाज के बाद वह घर आ गया था। शनिवार को उसके सीने में तेज दर्द उठा तो परिजन मंजीत को नई झूंसी स्थित एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां मंगलवार को उसकी मौत हो गई परिजनों का आरोप है कि वह बिल्कुल स्वस्थ था डॉक्टरों ने इलाज में लापरवाही की जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने हॉस्पिटल संचालक के खिलाफ पुलिस से लिखित शिकायत की है। इंस्पेक्टर की माने तो हार्ट अटैक मौत की वजह लग रही है। पीएम के बाद स्पस्ट हो जायेगा।

## प्राथमिक विद्यालय बना महिला शिक्षकों का अखाड़ा

# प्रधानाध्यापिका एंव सहायक के बीच जमकर चले लात-घूंसे फिर बच्चों को उक्साकर जमकर पिटवाया, दो छात्र जख्मी

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** मऊआइमा के एक प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को शिक्षा दीक्षा देने के बजाय प्रधानाधापिका एंव सहायक के बीच पहले जमकर लात घूंसें चले फिर प्राधानाध्यापिका ने सहायक अध्यापिका को बच्चों को उक्साकर जमकर पिटवाया ,तथा कपडे फाडवा दिए। जिसपर सहायक अध्यापिका ने बचाव में ताला उठा कर मार दिया। जिससे दो छात्र घायल हो गए।। उक्त घटना मंगलवार की है। जहां इस झगड़े को ग्रामीणों ने देखा तो खंड शिक्षा अधिकारी को सूचना दी। खंड शिक्षा अधिकारी मौके पर पहुंच कर बच्चों के अभिभावकों एंव दोनों

मामला मऊआइमा के सुलतानपुर खास स्थित प्राथमिक विद्यालय का



शिक्षिकाओं को समझा बुझा कर अपने साथ लेकर चली गई। उक्त घटना के प्रत्यक्षदर्शियों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा के ग्राम सुलतानपुर खास स्थित प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापिका कामनी गौड और सहायक अध्यापिका प्रियंका श्रीवास्तव की तैनाती एक दशक से है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों के बीच तैनाती के समय से रोजमर्रा झगड़ा होता रहता है। बताया गया है कि मंगलवार को किन्हीं बातों को लेकर दोनों के बीच पहले जम कर लात घूंसे चले।। जिसका वीडीओ सहायक अध्यापिका प्रियंका श्रीवास्तव बनाने लगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार प्रधानाधिपिका कामनी गौड ने कक्षा पांच के बच्चों से मोबाइल छिनने के लिए एंव पीटने के लिए उक्सा दी। । आरोप है कि छात्रों ने सहायक अध्यापिका प्रियंका का मोबाइल छीनने लगे तथा छात्रों ने सहायक अध्यापिका को पीट कर जमीन में गिरा कर बाल नोंचने लगे और कपडे फाड डाले। जिससे तैस में आ कर सहायक अध्यापिका प्रियंका श्रीवास्तव ने रखा हुआ ताले बच्चों के उपर फेंक दी। ताला से कक्षा पांच के छात्र सचिन 11 वर्ष पुत्र मिश्रीलाल, और कक्षा पांच के छात्र लकी 11 वर्ष पुत्र बादल को चोटें आयी।परन्तु अभिभावक कोई कानूनी कार्यवाही से इंकार कर दिए। प्रत्यक्षदर्शियों ने इसकी सूचना खंड शिक्षाधिकारी ममता सरकार को दिए। वह मौके पर पहुंच कर बच्चों के अभिभावकों को समझा कर दोनों शिक्षिकाओं को अपने साथ लेकर चली गई। किसी भी अध्यापिका ने थाने में तहरीर नहीं दी। फिर भी उक्त घटना से क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है।

इस बाबत ममता सरकार खंड शिक्षाधिकारी ने बताया कि घटना की जानकारी उनके संज्ञान में है। मामले की जांच की जा रही है। कार्यवाही अवश्य होगी।

# व्यापारियों ने वैश्य स्वाभिमान संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष का माल्यार्पण कर किया स्वागत



**अखंड भारत संदेश**

**जारी।** मंगलवार को जारी बाजार नहर चौराहे पर व्यापार मंडल जिला उपाध्यक्ष जीतेंद्र (बबलू)केसरवानी के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वाभिमान संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनन गुप्ता (अर्षित )का दर्जनों व्यापारियों ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया और समाज एवं संगठन के मजबूती के बारे में चर्चा की गई ।जिसमें जारी बाजार के दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे ।मुख्य रूप से ।अशोक कुमार केसरवानी, सतीश गुप्ता ,अर्पित केसरवानी ,संजय केसरवानी, सुनील केसरवानी ,वीरेंद्र केसरवानी ,शिवम ,राजाराम सोनी, विकास गुप्ता ,विनोद कुमार केसरवानी, विजय केसरवानी, सूरज केसरवानी, रोहन केशरवानी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# मोहन भागवत के बयान से नवयुवक ब्राह्मण समाज के सदस्यों में भारी आक्रोश

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** एक जनसंवाद के दौरान उपस्थित हुए नवयुवक ब्राह्मण समाज के सदस्यों द्वारा संघ प्रमुख मोहन भागवत के पंडितों के ऊपर विवादित बयान पर संगठन के पदाधिकारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस विवादित बयान पर संगठन द्वारा संघ प्रमुख मोहन भागवत के विरुद्ध संबंधित थाने में मुकदमा पंजीकृत कराने पर भी चर्चा हो रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में केंद्रीय कार्यालय गारापुर में ब्राह्मण समाज के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष ललकेश मिश्र की अध्यक्षता में पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की एक बैठक की गई। जिसमें संघ प्रमुख मोहन भागवत द्वारा दिए गए विवादित बयान पर आक्रोश व्यक्त करते हुए



संघ प्रमुख के विवादित बयान पर बैठक करते नवयवक ब्राह्मण समाज के लोग।

ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष ने कहा कि वर्ण व्यवस्था या जाति व्यवस्था का सूत्रधार हमारा भारत का संविधान व शासन सत्ता जिम्मेदार है जोकि तहसील मुख्यालय द्वारा जाति प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। उन्होने कहा भगवान श्री कृष्ण ने भगवत गीता में कहा है कि जो भी वर्ण, जातियां हैं उनका निर्माण उनके कर्म एवं गुणों के अनुसार मैं स्वयं करता हूं। उन्होंने कहा जिन ग्रंथों में वर्ण व्यवस्था का जिक्र है उनमें से किसी भी ग्रंथ के रचयिता ब्राह्मण नहीं है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा जिम्मेदार पद पर होते हुए संघ प्रमुख को समाज हित और देश हित में ऐसा बयान नहीं देना चाहिए।उनके बयान देने से सामाजिक दृष्टि में आपसी वैमनस्य के साथ विघटन पैदा होगा। भारत भूमि ऋषि-मुनियों एवं तपस्वी तथा आपसी भाईचारे के अतिरिक्त वसुधैव कुटुंबकम का देश है। उनके बयान से ब्राह्मण समाज को बहुत ही आघात पहुंचा है। जिसकी हम सब कटु निंदा करते हैं। इस मौके पर प्रमुख रूप से डॉक्टर एनके पांडे, अनुराग मिश्र, मनीष त्रिपाठी, पंकज शुक्ला, प्रमोद शुक्ला, किशन शुक्ला, अमन मिश्र, आशीष शुक्ला, पंकज मिश्रा, कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, श्रीनाथ शुक्ला, शान पति तिवारी, रोहित सहित भारी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## ट्रांसपोर्टर युवक की हत्या पर पूर्व कैबिनेट मंत्री ने जताया शोक व्यक्त की संवेदना

**करछना।** के पूर्व विधायक कुंवर उज्जवल रमण सिंह सोमवार शाम को धरवारा गांव पहुंचकर मृतक के परिजनों को सांत्वना देते हुए ढाढंस बंधाया। और परिजनों को आश्वस्त किया कि हत्यारोपी की शीघ्र गिरफ्तारी होगी । उन्होंने यह भी कहा कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो शासन प्रशासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन भी किया जाएगा। उन्होंने इस निर्मम हत्या पर गहरा दुख प्रकट किया । करछना थाना क्षेत्र के धरवारा गांव निवासी प्रदीप सिंह के पुत्र ध्रुव सिंह की गत 30 जनवरी को कोहडार घाट पुलिस चौकी के समीप एक ट्रक ड्राइवर की ओर से लोहे की रॉड से सिर पर प्रहार कर दिया गया था। जिससे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी । जिससे परिजन आक्रोशित हैं । वही हत्यारोपी की गिरफ्तारी न होने से धरवारा गांव में आक्रोश व्याप्त है। ध्रुव सिंह एक ट्रांसपोर्टिंग का कार्य करते थे। और आपसी लेनदेन के मद्देनजर में उन की निर्मम हत्या कर दी गई थी । इस मौके पर पूर्व ब्लांक प्रमुख करछना विजय राज सिंह राजू रवीश चंद्र तिवारी जनार्दन सिंह वीरभान सिंह ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धरवारा वीरू सिंह डॉ मनीष सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार संघ सीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ ने मंगलवार को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित पांच सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी प्रयागराज के माध्यम से सौंपा जिसमें गत 31 दिसम्बर 2022 को दिन दहाड़े हुई सम्पादक के पुत्र उत्कर्ष (19 वर्ष) छात्र बी टेक की हत्याकांड की सीबीआई जांच कराने और प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग प्रमुख है।



भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ प्रयागराज के जिलाध्यक्ष रमाकांत त्रिपाठी के नेतृत्व में मांग पत्र एडीएम फाइनेंस प्रयागराज को सौंपा गया । जिसमें प्रयागराज जनपद के थाना करछना अंतर्गत ग्राम गंधियांव निवासी डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय के पौत्र एवं पवन प्रभात हिंदी दैनिक के संपादक पवनेश पवन के पुत्र उत्कर्ष की हुई निर्मम हत्या की जांच सीबीआई को सौंपे जाने , और उत्तर प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग शामिल है। मांग पत्र में कहा गया है कि पत्रकार उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी कदम उठाया जाए । और पत्रकारों की सुरक्षा हेतु प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाए। इसके साथ ही इस प्रकार की निर्मम और अप्रत्याशित घटनाओं को रोकने के लिए सदन में इस पर विस्तार से चर्चा कराई जाए ` उल्लेखनीय है कि प्रयागराज जनपद के थाना करछना अंतर्गत ग्राम गंधियांव निवासी पवन प्रभात के संपादक पवनेश पवन के पुत्र उत्कर्ष ( जो बीटेक द्वितीय वर्ष का छात्र था ) 31 दिसंबर 2022 को प्रातः विद्यालय के लिए निकला था और 10:00 बजे के आसपास परिजनों को उसकी दुर्घटना होने की जानकारी मिली जिसे साजिशन प्रथम दृष्टया रेल दुर्घटना करार दिया गया था । किंतु बाद में मिले साक्ष्य के आधार पर उसकी हत्या का मुकदमा संख्या 16/2023 करछना थाने में 14 जनवरी 2023 को हत्या के 15 दिन बाद पंजीकृत किया गया। इसके बाद लगभग 1 महीने हो गए जांच में बहुत सार्थक परिणाम सामने नहीं आ रहा है। जिससे पत्रकार परिवार दुखी है । और पूरा पत्रकार समुदाय आक्रोशित है। इसीलिए मुख्यमंत्री को यह मांग पत्र दिया गया कि इस प्रकरण को सीबीआई को सौंपा जाए ` मांग पत्र देने वालों में भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र राष्ट्रीय संयोजक भगवान प्रसाद उपाध्याय जिला अध्यक्ष प्रयागराज रमाकांत त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार यादव जिला मुख्य महासचिव राजेंद्र पांडेय जिला कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता महानगर अध्यक्ष शिवपूजन सिंह उपाध्यक्ष विकास केलकर जिला संगठन सचिव प्रदीप सिंह जिला संयुक्त सचिव लालचंद प्रजापति सुशील कुमार पाल शिवेश कुमार राय हिमांशु गुप्ता श्याम सुंदर सिंह पटेल अरविंद पांडेय आदि अन्य दर्जनों पत्रकार उपस्थित रहे मांग पत्र सौंपा जाने के पश्चात पत्रकारों ने इस घटना के पदार्फाश की पुरजोर मांग की और यदि इस हत्याकांड का खुलासा नहीं हुआ तो अति शीघ्र आंदोलनकारी रुख अपनाने को विवश हो जाने की बात कही बता दें कि इस प्रकरण की गूंज पूरे प्रदेश में है और विभिन्न जिला व तहसील इकाइयों द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसील व जिला के सक्षम अधिकारियों के माध्यम से भेजा जा रहा है।

## बाइक तोडी और मारे पीटे तथा घर में घुस कर अश्लीलता की गई मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** बाजार जा रहे परिवार को दबंगों पहले रास्ता रोके फिर बाइक तोडी विरोध पर कई को घर में घुस कर मारे पीटे और महिलाओं की आबरु लूटने की कोशिश किए। महिला ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बाराडीह सिकंदरपुर निवासनीय एक महिला का आरोप है कि गांव के कतिपय लोग उसके परिजनों से पुरानी रंजिश रखते हैं। आरोप है कि जब वह परिजनों के साथ गदियानी बाजार जा रही थी तो रास्ते में पहले से घात लगाकर बैठे विरोधियों ने पहले रास्ता रोके फिर बाइक तोड दी। विरोध पर घर में घुस कर महिलाओं और पुरुषों को मारे पीटे। महिला का आरोप है कि उसका ब्लाउज फाड दी गई और आबरु लूटने का प्रयास किए। महिला ने मऊआइमा थाने में दशरथ ,राजकुमार ,अवधेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

# तोड़-फोड़-जोड़ कार्यक्रम का आयोजन महर्षि विद्या मन्दिर में आयोजित

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** मंगलवार को महर्षि विद्या मन्दिर नैनी में नवप्रवर्तन जन जागरूकता के अंतर्गत स्कूली बच्चों हेतु तहसील स्तर पर तोड़-फोड़-जोड़ कार्यक्रम का आयोजन हुआ इस कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चे को विभिन्न मशीने, उपकरण खिलौनेआदि के माध्यम से बच्चों को निहित वैज्ञानिक सिदधांतों से परिचित कराया गया बच्चों द्वारा विशेषज्ञों की देखरेख में उपकरणों को तोड़ा गया फिर उन्हे जोड़ा गया बच्चों को उपकरणों को नए प्रतिरूप में बनाने की प्रेरणा भी दी गई उक्त कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयो से नव अन्वेषण की प्रवृत्ति रखने वाले विद्यालय के 5 छात्र छात्राओं के साथ शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा चन्दोला ने मुख्य विकास अधिकारी जिला विज्ञान क्लब प्रयागराज के दिशा निर्देशन में सम्पूर्ण तैयारी के साथ कार्यक्रम को सफल बनने का पूरा प्रयास किया और निर्विध्न सफल हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हर्षबर्धन बाजपेई विधायक, उत्तर प्रदेश विधान सभ अध्यक्ष- प्रोफेसर के.वी.पाण्डेय एवं विशिष्ट अतिथि ज्योत्सना सिंह प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इंटर कालेज मुंगारी करछना प्रयागराज तथा सुजीत कुमार श्रीवास्तव प्रधानाचार्य आइ टी आई नैनी प्रयागराज आदि सम्मानित गणमान्य महानुभावों का विद्यालय के छात्र



छात्राओं द्वारा तिलक लगाकर सम्मानित किया गया । मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर गति प्रदान किया मुख्य अतिथि हर्षबर्धन बाजपेई विधायक ने अपने उद् बोधन मे कहा कि स्कूल के बच्चों को विज्ञान के प्रति आकर्षित कराना उनके उज्जवल भविष्य का द्योतक है विज्ञान एक वरदान है जो बच्चों के लिए वरदान ही सिद्ध होगा आज का बच्चा कल का वैज्ञानिक होगा जिससे हमारा देश विश्व में शिखर पर पहुँचेगा और पूरी मजबूती के साथ विश्व मे हमारा देश सबसे अलग परचम फहराएगा कार्यक्रम के पश्चात प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र तथा पुरस्कार दिया गया अंत में प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा चन्दोला ने सभी का धन्यवार एवं आभार व्यक्त किया।

# कक्षा चार और पांच के बच्चों को निपुण बनाने के लिए शिक्षक हुए प्रशिक्षित

**अखंड भारत संदेश**

**सिरसा।** विकास खंड उरुवा के बीआरसी कार्यालय के सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश और प्रथम संस्था द्वारा संयुक्त रूप से प्राथमिक विद्यालय में कक्षा चार व पांच के बच्चों को निपुण बनाने के लिए शिक्षकों का दो दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें कल उक्त दो दिवसीय प्रशिक्षण का प्रथम बैच संपन्न हुआ। प्रथम बैच में ब्लॉक के कुल 94 शिक्षकों ने प्रतिभाग कर प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण के उपरांत कक्षा चार व पांच के उन बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिनका शैक्षिक स्तर कक्षा के अनुरूप नही है। प्रशिक्षण सन्दर्भदाता, एआरपी सुनील शुक्ला ने कहा कि प्रशिक्षण लेने वाले सभी शिक्षक प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान का उपयोग कक्षा में कर शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाएंगे। सरकार बच्चों



का शैक्षिक स्तर सुधारने के लिए तरह-तरह के प्रशिक्षण दे रही है शिक्षक मनोयोग से समय अवधि में बताएं। पूर्ण करने कौशल विकसित करने एवं गुणवत्ता लाने के लिए कार्यशील रहे। वही एआरपी संदर्भदाता राजेश मिश्रा ने बताया कि विभाग द्वारा बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान में बच्चों को मजबूत करना विभाग का प्रमुख लक्ष्य है। इसलिए प्रशिक्षण के माध्यम से नवीन अवधारणा के विषयों के बिंदुओं के प्रति शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में शिक्षकों ने बच्चों को एक्टिविटी के माध्यम से पढ़ाने के लिए चार्ट भी बनाए और समूह बनाकर उसका प्रस्तुत किया। उक्त अवसर पर एआरपी संदर्भदाता प्रीतमदास ,विमलेश यादव तथा राघवेंद्र सिंह, विकास पांडे, संपूणार्नंद, राखी शुक्ला,सविता जैसल, रामानंद पांडे, प्रदीप कुमार पाल, राजीव लोचन, शुक्ला आदि शिक्षक उपस्थित रहे। आज से बीआरसी उरूवा जे प्रशिक्षण हाल में दूसरा बैच प्रारंभ होगा।

## हण्डिया पुलिस ने दो व्यक्तियों को किया गिरफ्तार

**हण्डिया।** पुलिस आयुक्त रमित शर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक हण्डिया धमेन्द्र कुमार दुबे के नेतृत्व में उप निरीक्षक सूर्य प्रकाश दुबे ने आज मंगलवार के दिन शान्ति/कानून व्यवस्ता बिगाड़ने के जुर्म थाना क्षेत्र के दो व्यक्तियो शारदा प्रसाद बिन्द पुत्र विजय बहादुर निवासी ग्राम रिग्दापुर उपरदहा थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज व जिमदार बिन्द पुत्र राजकरन बिन्द निवासी ग्राम रिग्दापुर उपरदहा थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार हुए दोनो ब्यक्तियो के विरुद्ध अन्तर्गत धारा 151,107, 116 में विधिक कार्यवाही के बाद न्यायालय भेजा गया।

# सामूहिक विवाह की तैयारी : नहीं हो सकेंगे कई पुत्रियों के हांथ पीले

**अखंड भारत संदेश**

**पसना।** मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह योजना में श्रमिकों के सरलीकरण व्यवस्था न किए जाने से श्रमिक लोग साइबर कैफे से लेकर श्रम कार्यालय और अफसरों के यहां दौड़ते फिरते दे खे जा रहे हैं,जिससे सामूहिक विवाह योजना के आवेदनों का लक्ष्य पूर्ण नहीं हो सकेगा। दर असल श्रम विभाग के पंजीकृत श्रमिक की बेटियों की सामूहिक सादी एक मार्च 2023 को प्रयागराज के परेड मैदान में सरकार ने निश्चित कर रखा है। और समाज कल्याण विभाग ने 14 फरवरी को। किंतु पंजीकृत श्रमिकों का श्रम कार्ड ज्यादातर संख्या में रिनिवाल नहीं हो पा रहा,कहीं नेट पर जिले से आधार सत्यापन के लिए बता रहा तो कहीं जिला कार्यालय पर संपर्क करने को बता रहा। तो किसी का श्रम कार्ड ही रीनिवल नहीं बता रहा,तो पुत्री और वरों के दो दो जन्म प्रमाण की आईडी की अनिवार्यता से आवेदन नहीं हो सकेंगे। क्यों कि ज्यादा तर श्रमिकों की बेटी के आधार ही मात्र हैं। किसी के राशन कार्ड के परिवार विवरण में उम्र ही नहीं अंकित है तो किसी को परिवार रजिस्टर के लिए ब्लॉक के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं फिर भी समय से कोई पेपर्स नहीं मिल पा रहे। किसी

### नेट साइट श्रम कार्ड के अंशदान,आधार सत्यापन,आदि के चलते कार्ड धारकों की फजीहत

की पुत्री अनपढ़ होने के नाते मात्र आधार ही है। इतनी लंबी प्रोसिडिंग से गरीब श्रमिक थक हार कर आवेदन नहीं कर सकेंगे। श्रम अधिकारी चाह कर भी कोई न कोई ढेर सारे सौंपे गए डाक्यूमेंट्स श्रमिकों से नहीं प्राप्त कर पाएंगे। श्रमिकों की बातों पर गौर करें तो आसान समाज कल्याण विभाग की ही मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह के आयोजन हैं किंतु पैसा कम है। श्रम विभाग में राशि ज्यादा है। श्रमिक प्रतिनिधि ए ए सिद्दीकी ने बताया की जब तक श्रम विभाग गरीब श्रमिकों की पुत्रियों की शादी संपन्न कराने हेतु सरल प्रक्रिया नहीं अपनाएगा तो बहुत बड़ा गरीब मजदूरों का तबका उक्त योजना के लाभ से वंचित हो जायेगा। उन्होंने बताया कि श्रम कार्यालय पर जाइए तो साइबर कैफे सहज जन सेवा केंद्र से दुरुस्त कराने को बोलते हैं जब उक्त केंद्रों पर श्रमिक जाता है तो श्रम कार्यालय सुधार के लिए बोला जाता है।

इस प्रकार थक हार कर श्रमिक बैठ जाता है और सरकारी योजना का लाभ नहीं उठा पा रहा। प्रश्न यह उठता है कि जब श्रमिक के विषय में सरकार जानती है कि कितने योग्य गरीब श्रमिक होता हैं तो इतने लंबे तितिम्मे और अभिलेख की अनिवार्यता नहीं करनी चाहिए। समाज कल्याण विभाग की तरह अपनाई गई प्रक्रिया श्रम विभाग की भी शादी में अपनाई जानी चाहिए। जिससे काफी जोड़े श्रमिकों गरीबों के सरकारी अनुदान से वंचित हो जायेंगें। इस बाबत डीएलसी प्रयागराज राजेश मिश्रा से जिला सतर्कता समिति बंधुआ श्रमिक उन्मूलन प्रयागराज के सदस्य शहजादे ने वार्ता की तो उन्होंने उक्त समस्या को गंभीरता से लिया। अधीनस्थों को आवेदनों में आ रही समस्याओं के बारे में ध्यान देने का हुक्म दिया। फिलहाल जटिल और कठिन प्रक्रिया के चलते इस वर्ष का श्रमिक पंजीकृत बेटियों का मंडलीय सामूहिक विवाह आयोजन का लक्ष्य उक्त समस्याओं के चलते प्रभावित होने की प्रबल संभावना है।

## खबर संक्षेप

### यूपी बोर्ड परीक्षा में इंग्लिश से ज्यादा हिंदी के परीक्षार्थियों की संख्या

**प्रयागराज।** उत्तर माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं 2023 में इंग्लिश से ज्यादा हिंदी के अभ्यर्थियों की संख्या है। जिसमें इंटरमीडिए में इंग्लिश विषय के परीक्षार्थियों की संख्या 23 लाख 60 हजार 332 है। वहीं हिंदी में 25 लाख 80 हजार 607 परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षाएं देंगे। इसी प्रकार हाईस्कूल में हिंदी के 31 लाख 8 हजार 654 परीक्षार्थी हैं तो इंग्लिश में अभ्यर्थियों की संख्या 29 लाख 77 हजार 680 है।16 फरवरी से शुरू होने जा रही यूपी बोर्ड परीक्षाओं की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस वर्ष की हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं में कुल 58 लाख 67 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। जिसमें 31 लाख 16 हजार 485 अभ्यर्थी हाईस्कूल व 27 लाख 50 हजार 913 परीक्षार्थी इंटरमीडिएट के हैं। वहीं सोमवार को विषयवार अभ्यर्थियों की संख्या यूपी बोर्ड द्वारा जारी की गई। अगर इंग्लिश व हिंदी विषय की बात को छोड़ दें तो इंजीनियर बनने से ज्यादा डॉक्टर बनने की जिज्ञासा परीक्षार्थियों में दिख रही है। इंटरमीडिएट में गणित के 49 लाख 9 हजार 484 परीक्षार्थी हैं तो जीव विज्ञान में यह संख्या 10 लाख 84 हजार 932 है, जो गणित की तुलना में कई गुना अधिक है। इसके अलावा इंटरमीडिएट में संस्कृत 1 लाख 25 हजार 309, इतिहास 2 लाख 45 हजार 752, फिजिक्स 15 लाख 63 हजार 311, केमिस्ट्री 15 लाख 62 हजार 958 परीक्षार्थियों की संख्या है। वहीं दूसरी तरफ हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में संस्कृत के 3 लाख 33 हजार 348 व गणित के 22 लाख 12 हजार 756 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

# 6 जजों को चीफ जस्टिस ने दिलाई शपथ

## इलाहाबाद हाईकोर्ट में अपर न्यायाधीश के रूप में हुई नियुक्ति, मुकदमों में आएगी तेजी



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में नवनियुक्त 6 जजों को चीफ जस्टिस राजेश बिंदल ने पद व गोपनीयता की शपटा दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में हाईकोर्ट के सीनियर एवं जूनियर वकीलों के अलावा बड़ी संख्या में राज्य विधि अधिकारी, ज्यूडिशियल अधिकारी, शपथ ले रहे जजों के परिवारीजन व रिश्तेदार उपस्थित रहे। सभी जजों की नियुक्ति अपर न्यायाधीश के रूप में की गई है।

### अब 101 हुई हाईकोर्ट में कुल जजों की संख्या

शपथ लेने वाले अपर न्यायाधीशों (एडिशनल जज) में शामिल हैं - सैयद कमर हसन रिजवी, मनीष कुमार निगम, अनीश कुमार गुप्ता, नंदप्रभा शुक्ला, क्षितिज शैलेंद्र एवं विनोद दिवाकर। सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम ने 17 जनवरी 2023 को इलाहाबाद हाईकोर्ट में जज की नियुक्ति के लिए केंद्र सरकार को कुल 9 नामों की सिफारिश की थी। केंद्र सरकार ने 9 में से 6 नामों पर नियुक्ति की सहमति देते हुए अधिसूचना जारी की है। 6 एडिशनल जजों की नियुक्ति के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट में इस समय चीफ जस्टिस को छोड़कर 101 जजों की संख्या हो गई है। हाईकोर्ट में कुल 160 जजों के पद सृजित हैं। इस तरह देखा जाए तो अभी भी 59 पद रिक्त हैं।

### संदिग्ध दशा में फांसी के फंदे पर लटकी मिली विवाहिता

**मेजारोड।** मेजा के डेलौंहा गांव मे संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली। सुचना पर पंहुची इलाकाई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस जांच पड़ताल मे जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के डेलौंहा गांव निवासी योगेन्द्र कुमार पटेल की पत्नी निर्मला पटेल (35) मंगलवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों मे कमरे में फांसी के फंदे पर लटकी मिली। सूचना पर मेजारोड चौकी प्रभारी रामभवन वर्मा पुलिस टीम के साथ पंहुचे। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसकी दो पुत्रियां हैं और एक छः वर्ष की और एक चार वर्ष की है। महिला का मायका करछना थाना क्षेत्र के कौवा गांव मे है। सुचना पर मायके वाले भी आ गए और संदिग्ध परिस्थितियों मे हुई मौत को लेकर हंगामा किया। महिला की मौत से परिजनों सहित मायके वालों मे कोहराम मचा हुआ है। चौकी प्रभारी मेजारोड रामभवन वर्मा ने बताया कि महिला की संदिग्ध दशा में मौत की सुचना मिली और शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा।

# त्रिजटा स्नान कर साधु-संत और कल्पवासी रवाना

## माघ मेला क्षेत्र से अब घर वापसी कर रहे लाखों कल्पवासी, थमा मास पर्यंत अनुष्ठानों का सिलसिला

**प्रयागराज।** माघ मास में प्रयागराज के गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के तट पर बसी तुबुओं की नगरी अब धीरे-धीरे उजड़ रही है। लाखों श्रद्धालु, संत और महात्मा आज तृजटा स्नान (माघी पूर्णिमा के बाद तीन दिन तक स्नान) के बाद अब अपने अपने गंतव्य की ओर रवाना होने लगे हैं। मेला क्षेत्र में घर वापसी के वाहनों की कतारें देखी गईं।

**मान्यता है त्रिजटा स्नान के बाद ही कल्पवास का मिलता है पूर्ण फलः** प्रयागराज के संगम तट पर आस्था व पुण्य के लिये तम्बुओं की नगरी में माघ मास महीने में लाखों साधु सन्त व कल्पवासी पूजन-भजन के साथ मां गंगा की गोद में कल्पवास करते हैं। पूर्वा फाल्गुनी व सुकमायीग लगने से मंगलवार को त्रिजटा स्नान पर हजारों कल्पवासियों और साधु संतों ने आस्था की डुबकी लगाई।ऐसी मान्यता है कि त्रिजटा स्नान के बाद ही कल्पवास का पूर्ण फल मिलता है। यही कारण है कि कल्पवासी माघी पूर्णिमा स्नान के बाद कल्पवास की पूणाहुति करते हैं पर तीन दिन और रुककर स्नान करते हैं। इसके बाद ही संगम क्षेत्र छोड़ते हैं।

**माघी पूर्णिमा के बाद दिशाशूल मानते हैं कल्पवासी :** साधु-सन्त व कल्पवासी माघी पूर्णिमा स्नान के बाद दिशा शूल मानते हैं। कल्पवास के लिये तीन दिन और रुके रहते हैं। वह त्रिजटा स्नान कर मेला क्षेत्र से अपने गन्तव्य को वापस हो जाते हैं।माघ मेला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि त्रिटजा स्नान के बाद माघ मेला क्षेत्र से कल्पवासियों के वाहनों को आराम से निकलने के लिए रूट निर्धारित किए गए हैं। उसी अनुरुप बिना किसी परेशानी के कल्पवासियों के वाहन निकाले जा रहे हैं।मेला क्षेत्र के आने जाने वाले मार्गों, पाण्टून पुलों और कल्पवासी क्षेत्रों में पुलिस के जवानों द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है। मंगलवार को अधिकारियों द्वारा मेला क्षेत्र का भ्रमण किया गया तथा वापस जा रहे साधु सन्तों-कल्पवासियों का कुशलक्षेम पूछा गया। इस दौरान साधु-सन्तों ने पुलिस प्रशासन के कार्यों की प्रशंसा की और पुलिस बल का आभार प्रकट किया।

# नगर निगम का इंस्पेक्टर घूस लेते गिरफ्तार

## एंटी करप्शन की टीम ने रंगे हाथ पकड़ा, आरोपी को छुड़ाने में टीम के साथ हुई धक्का-मुक्की

**प्रयागराज।** खुल्दाबाद नगर निगम जोन ऑफिस में तैनात एरिया इंस्पेक्टर हिमांशु कुमार को रिश्वत लेते हुए ऐंटी करप्शन की टीम ने रंगे हाथ पकड़ा। ऐंटी करप्शन टीम जब रिश्वत खोर नगर निगम के एरिया इंस्पेक्टर को हिरासत में लेकर खुल्दाबाद थाने जाने लगी तो खुल्दाबाद नगर निगम जोन ऑफिस के कर्मचारियों ने आरोपी को छुड़ाने के जमकर प्रयास किया।काफी देर तक हंगामा होता रहा। टीम के साथ कर्मचारियों ने धक्का-मुक्की भी की। किसी तरह ऐंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेने वाले आरोपी को खुल्दाबाद थाने लेकर पहुंची। आरोपी के खिलाफ भ्ष्टार्चार की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस कल उसे कोर्ट में पेश करेगी। उसपर मकान का नंबर देने के नाम पर 10 हजार रुपये रिश्वत लेने का आरोप है। जैसे ही आरोपी ने रिश्वत के पैसे अपने हाथ में लिए एंटी करप्शन की टीम ने उसे रंगों हाथों गिरफ्तार कर लिया।



# सरकारी बसों का किराया हुआ महंगा, कंडक्टर व यात्रियों में हो रही बहस






अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सरकारी बसों में यात्रा करना अब महंगा हो गया है। अभी तक सरकारी साधारण बसों का किराया 1.05 रुपए प्रति किलोमीटर था। इसमें 25 पैसा प्रति किलोमीटर के हिसाब से वृद्धि कर दी गई है। रात 12 बजे से यात्रियों से बढ़ा किराया लिया जा रहा है।अब प्रयागराज से लखनऊ जाने के लिए यात्रियों को 52 रुपए अतिरिक्त देना होगा। अभी तक लखनऊ जाने के लिए साधारण बसों का किराया 252 रुपए था जो आज से बढ़कर 304 रुपए हो गया है। इसी तरह कानपुर जाने का जो किराया अभी तक 249 रुपए था वह बढ़कर 302 रुपए कर दिया गया है। अयोध्या तक का किराया 43 रुपए बढ़ गया है। यानी 203 रुपए के बजाय अब यात्रियों को 246 रुपए देना होगा।

**जानकारी न होने से यात्रियों का विवाद**

अचानक रात को ही किराया बढ़ जाने से यात्री और कंडक्टरों के बीच विवाद होता रहा। यात्री पुराने किराया दे रहे थे इसे लेकर यात्रियों और कंडक्टरों के बीच कहासुनी भी होती रही। परिवहन विभाग के प्रबंधक निदेशक संजय कुमार ने सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह किराए बढ़ाए जाने की सूचना ज्यादा से ज्यादा प्रसारित कराएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिया है कि जल्द से जल्द बढ़े हुए किराए की सूचना बस स्टेशनों पर प्रदर्शित कराया जाए ताकि यात्रा करने के पहले ही यात्रियों को इसकी सूचना हो जाए कि कहां का किराया कितना बढ़ा है। किराया बढ़ाने जाने के पीछे डीजल मूल्य बढ़ना बताया जा रहा है।

**अधिकारी बोले, यात्रियों को दी जा रही जानकारी :** प्रयागराज मंडल के आरएम एमके त्रिवेदी की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि कंडक्टर यात्रियों के साथ अच्छा बर्ताव करें। उन्होंने बताया कि पूरी सूची बस स्टैंडों पर लगावाया जाएगा। सिविल लाइंस प्रयागराज बस स्टैंड के एआरएम सीबी राम ने बताया कि शासन के निर्देश पर किराया बढ़ाया गया है। कुछ यात्री जानकारी न होने की वजह से विरोध करते हैं लेकिन कंडक्टरों को निर्देशित किया गया है कि वह यात्रियों को इसकी जानकारी दें।

### अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस में यात्री का छुटा सात लाख रुपए कीमत के जेवरात से भरा बैग,लौटाया




**नैनी।** लाखों रुपये कीमत के जेवरात से भरे ट्रेन नंबर 14115 अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस कोच नम्बर बी-3 बर्थ पर इंदौर के रहे वाले सत्यम अपनी मौसी के साथ यात्रा कर रहे थे। वह अपनी मौसी के घर बांदा जाने के लिए वहीं जंक्शन पर उतर गए। सत्यम में अनुसार स्टेशन के बाहर आने पर बैग चेक लिया तो उसमें सोने के जेवरात से भरा एक लेडीज पर्स गायब था। जिसमे लगभग सात लाख रुपये के जेवरात था। सत्यम ने फौरन इसकी सूचना आरपीएफ व जीआरपी को दी। सूचना पर आरपीएफ नैनी के ए एसआई वीके तिवारी ने उक्त ट्रेन को नैनी स्टेशन प्लेटफार्म नंबर चार पर अटेंड किया गया। बोगी और शीट नंबर पर सर्च एवं अन्य यात्रियों से पूछताछ आरपीएफ नैनी की टीम को जेवरात से भरा लेडीज पर्स मिल गया। जिसके बाद उसकी सत्यम से शिनाख्त करा कर उनके द्वारा प्रयागराज से भेजे गए एक दोस्त को आरपीएफ ने जेवर सुपुर्द कर दिया।

# स्वास्थ्य संबंधित पांच पुस्तकों का लोकार्पण

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** हिंदुस्तानी अकादमी द्वारा पुस्तक विमोचन का आयोजन मंगलवार को हिंदुस्तानी अकादमी के सभागार में हुआ। यहां विज्ञान संचारक डॉ. शांति चौधरी द्वारा हिंदी भाषा में लिखी स्वास्थ्य संबंधित पांच पुस्तकों का विमोचन किया गया। आकाशवाणी के निदेशक लोकेश शुक्ल द्वारा सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ पद्मश्री डॉ. राज बवेजा ने पोषण, चिकित्सा, शल्य चिकित्सा, हमारी आँखे और हमारी त्वचा विषय पर इन पुस्तकों के प्रकाशन पर डॉ. शांति को बधाई दी। हिंदुस्तानी एकेडमी के सचिव देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि चिकित्सा जगत एवं साहित्य जगत के समन्वय से प्रकाशित ये पुस्तकें हिंदी साहित्य के लिए गौरव की बात है। प्राचीन काल से स्वास्थ्य के प्रति चिंतन मनुष्य का स्वाभाव रहा है। चरक सुश्रुत की विषय वस्तु हमें स्वास्थ्य के प्रति प्रेरित करता है।

**भारतीय चिकित्सा विधा पर गर्व : डॉ. तोमर**

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्व आयुर्वेद मिशन के अध्यक्ष प्रो (डा) जी एस तोमर ने बताया कि हम सबसे पहले भारतीय हैं इसके बाद अलग अलग विधाओं के चिकित्सक हैं।इसलिए हमें भारतीय चिकित्सा विधा पर गर्व होना चाहिए। आयुर्वेद जीवन जीने का विज्ञान है जो स्वस्थ व्यक्ति को स्वस्थ बनाये रखने पर जोर देता है।सात्विक आहार, दिनचर्या, ऋतुचर्या, आचार रसायन एवं आयुर्वेदिक जीवनशैली अपनाकर स्वस्थ रह सकते हैं।इसके साथ ही डा तोमर ने पिज्जा नूडल बर्गर के नुकसान बताते हुए मिलेट्स यानी मोटे अनाज, रागी ज्वार, बाजरा, सांवा, कोदो आदि को अपने भोजन मे शामिल करने की सलाह दी।

**पुस्तक से मिलेगी सही जानकारी : डॉ. शांति चौधरी**

डा शांति चौधरी ने इन किताबों को लिखने का उद्देश्य बताते हुए कहा कि समय पर सही डायग्नोसिस न होने पर एक कुशल चिकित्सक के लिए मरीज की जान बचाना मुश्किल हो जाता है। मेरे द्वारा हिंदी भाषा मे प्रकाशित ये पुस्तकें लोगों में ये जानकारी अवश्य देंगी कि उनके शरीर मे कुछ असमानताएं हैं जिसके लिए जल्द से जल्द डॉक्टर से संपर्क किया जा सके। पोषण से संबंधित पुष्तक में सामान्य स्वास्थ्य, बच्चों, गर्भावती महिलाओं के लिए आहार के साथ साथ रोग में पथ्य व अपथ्य की जानकारी दी गयी है। वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आरएन मिश्रा ने कहा कि डा. शांति चौधरी द्वारा सामान्य शब्दों मे लिखी पुस्तकें आमजनमानस के साथ एमबीबीएस के छात्रों के लिए लाभकारी होगा। इसके साथ ही उन्होंने उत्तम स्वास्थ्य के लिए योग, प्राणायाम एवं अच्छे विचार से जनकल्याण मे लगे रहने की सलाह दी।

**मरीज सर्जरी के नाम से डर जाता हैः डॉ. एके गुप्ता**

वरिष्ठ शल्य चिकित्सक डॉ. एके गुप्ता ने बताया कि सामान्य व्यक्ति सर्जरी के नाम से ही डर जाता है। निश्चित ही शल्य चिकित्सा पर लिखी पुस्तक से ये डर दूर होगा।आज सर्जरी एडवांस हो गयी है जिस कारण कठिन शल्य कर्म भी आसानी से किया जा रहा है। सर्जरी में कुशलता के लिए एनाटॉमी का ज्ञान भी आवश्यक है। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. डीके निगम ने बताया कि डा शांति चौधरी जैसी महिलाएं सभी के लिए प्रेरणा हैं जो मेडिकल कॉलेज मे रिसर्च फेलो रहते हुए भी हमेशा चिकित्सा क्षेत्र मे भी सक्रिय रहकर समाजसेवा मे निरंतर लगी हैं।कार्यक्रम में वरिष्ठ त्वचा रोग विशेषज्ञ डा. केजी सिंह, विज्ञान परिषद के अध्यक्ष डॉ. एचपी तिवारी, गोविंद राजन, डॉ. अवनीश पांडेय, डॉ. आशीष कुमार मौर्य, डॉ. एससी गुप्ता, डॉ. रंजन शुक्ल, डॉ. पिंडी वासा, डॉ. निमिष अग्रवाल, रामप्रकाश अग्रवाल, डॉ. श्वेता चौधरी, डॉ. आशुतोष चौधरी, डॉ. आस्था चौधरी व अन्य रहे।



### बैंक सखियों का वेतन न मिलने पर भुखमरी के कगार पर

**सिरसा।** प्रयागराज विकास खण्ड उरूवा में बैंक सखी के वेतन में लगा ग्रहण जो बैंक सखी द्वारा किये गए कार्य के भुगतान को धीरे-धीरे करके दीमक की तरह चाट रहा है। और बैंक सखी को भुखमरी की तरफ आकर्षित कर रहा है। बैंक सखियों की नियुक्ति के बाद से सभी बैंक सखी अपने कर्तब्यों को ईमानदारी से निर्वाहन कर रही हैं। महगाई के इस जमाने मे हर माह वेतन नहीं मिले तो घर परिवार की क्या स्थिति होगी। इसका अंदाजा विकास खण्ड उरूवा जनपद प्रयागराज के बैंक सखियों की स्थिति को देखते हुए लगाया जा सकता हैं। लेकिन विभागीय जिम्मेदार अधिकारियों की छीना-कसी के कारण बैंक सखियों का वेतन अधर में लटका गया हैं। जिसके कारण मानदेय न मिलने पर भरण-पोषण में बाधा उत्पन्न हो रही हैं। बैंक सखियों का मानदेय लगभग नौ माह से नही मिल रहा हैं। कई बार अधिकारियों से वेतन के प्रति आवगत भी कराया गया। लेकिन आश्वाशन के बाद अभी तक मानदेय नहीं मिला।

## न्यूज झरोखा

### भगवान की प्राप्ति श्री हनुमानजी से सीखें




**बारा।** बारा खास में चल रही पंचदिवसीय राम कथा में श्री हनुमानजी महाराज की महिमा का बखान करते हुए श्री काशी नरेशाचार्य जी महाराज ने बताया कि भगवान की प्राप्ति होने की कला कोई हनुमानजी से सीखे। हनुमानजी विद्यावान हैं, जबकि रावण विद्वान था। लंका दहन के बाद जब मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम ने हनुमानजी से पूँछा कि तात हनुमानजी !लंका दहन तो आपने किया,मगर कैसे ? हनुमानजी ने बताया प्रभु !सो सब तव प्रताप रघुराई,नाथ न कछू मोरि प्रभुताई।।वहीं व्यास पीठ पर विराजे पंडित कृष्ण शंकर द्विवेदी ने हनुमानजी को बल और बुद्धि का सागर बताया। मंचासीन व्यास विवेक भारद्वाज जी महाराज ने बताया कि राम ते अधिक रामकर दासा। मानस कथा के आयोजक मुन्नीलाल शर्मा व रोशनलाल शर्मा ने सभी श्रोताओं के आभार जताया।इस अवसर पर अशोक त्रिपाठी जी महाराज, जसरा से पधारे दशरथ लाल भारती जी,महेश प्रसाद त्रिपाठी, रामकथा के रसिया सुमन्त भार्गव जी महाराज, नगरसेठ शिवकेश जी शर्मा, राकेश कुशवाहा जी,सूबेदार कुशवाहा जी,व्यवस्थापक श्री बहादुर शर्मा जी सहित सैकड़ों श्रोताओं की भीड़ उपस्थित रही।

### अल्पसंख्यक विकास के लिए बजट में हुई कटौती से नाराजगी कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन



**प्रयागराज।** प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के आह्वान पर आज मंगलवार को शहर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के पदाधिकारियों ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। अल्पसंख्यक वर्ग के विकास के बजट में कटौती को लेकर प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव फुजैल हाशमी ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता रमण द्वारा 2023-24 के पेश बजट में अल्पसंख्यक समुदाय के विकास के लिए बजट में 38% की कटौती मोदी सरकार के अल्पसंख्यक नजरिए को उजागर करती है।कहा कि कटौती से कई वजीफों सहित कौशल विकास योजनाओं पर असर पड़ेगा। बीते साल 5,020.50 करोड़ की तुलना में इस वर्ष के लिए 3,097 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।

### सहगल फाउंडेशन द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चो को कुर्सी, टेबल, झूला मुहैया कराया




**करछना।** विकाश खण्ड करछना क्षेत्र के अंतर्गत भरहा गांव में मंगलवार को सहगल फाउंडेशन संस्था द्वारा उत्तम ग्राम पहल योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को बैठने के लिए कुर्सी, टेबल व खेलने के लिए झूला आदि खेलने का सामान दिया गया।जिस मौके पर मौजूद सुपरवाइजर मीना शाक्या समेत आंगनबाड़ी कार्यकत्री इंदू सिंह,रीता समेत सहायिका मौजूद रही।जिस मौके पर संस्था प्रतिनिधि सुरजीत सिंह लाल बहादुर द्विवेदी,मोहित शुक्ल,मनोज कुमार सिंह मौजूद रहें।

# तालाब में जहरीला पदार्थ डालने से 20 क्विंटल मछलियां हुई मृत

अखंड भारत संदेश



**बारा।** थाना क्षेत्र के टिकरी कला गांव के रहने वाले सूर्य बली बिंद का तालाब टिकरी गांव के बीचो बीच है। तालाब नंबर 658 में अज्ञात व्यक्ति के द्वारा तालाब में जहरीला पदार्थ डालने की वजह से 20 क्विंटल मछलियां मर गई। मछलियां मरने की वजह से तालाब के अगल-बगल रहने वाले लोगों का दुर्गंध की वजह से जीना मुश्किल हो गया है। सूर्य बली का कहना है कि तालाब में अज्ञात व्यक्ति के द्वारा जहरीला पदार्थ डाल दिया गया है, जिससे हमारी मछलियां मर रही हैं। सबसे बड़ी बात तो यह है कि तालाब में गांव का गंदा पानी भी आता है।जिसकी जानकारी कई बार ग्राम प्रधान को भी दी गई है,लेकिन ग्राम प्रधान द्वारा नाली को नहीं ठीक कराया गया। सूर्य बली के द्वारा आज उप जिलाधिकारी बारा को लिखित प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गई है। वहीं उप जिलाधिकारी बारा ने थाना प्रभारी बारा को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

# 43 पदों पर बिना अंतिम तिथि के ही निकाल दिया भर्ती विज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शुआट्स विश्वविद्यालय में 69 शिक्षकों की अवैध नियुक्ति के मामले में कदम-कदम पर खेल हुआ। अंधेरगर्दी का आलम यह रहा कि कई पदों पर विज्ञापन बिना अंतिम तिथि के ही निकाल दिया गया। इन विज्ञापनों में कटऑफ दिनांक का जिक्र नहीं किया गया। इसके अलावा साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर तक जारी करने की जरूरत नहीं समझी गई। उपरोक्त तथ्यों के आधार पर ही इस खेल का खुलासा हुआ। इसके बाद एसटीएफ की ओर से एफआईआर दर्ज कराई गई।सूत्रों का कहना है कि 69 प्रोफेसरों, असिस्टेंट प्रोफेसरों व एसोसिएट प्रोफेसरों की नियुक्ति में गड़बड़ियों की शिकायत की जांच हुई तो जांचकर्ता भी हैरान रह गए। कदम-कदम पर अनियमितताएं मिलीं। चहेतों को तैनाती देने के लिए नियम ताक पर रख दिए गए। यहां तक कि भर्ती प्रक्रिया के मूलभूत नियमों का भी पालन नहीं किया गया।निर्धारित तरीके से विज्ञापन तो नहीं ही निकाला गया, इसमें कई अहम जानकारियों का लोप कर दिया गया। यहां तक कि विज्ञापन में आवेदन की अंतिम तिथि का ही उल्लेख नहीं किया गया। जबकि विवि की भर्ती प्रक्रिया के अनुसार रजिस्ट्रार कार्यालय में ऑनलाइन या डाक से आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि विज्ञापन जारी होने से कम से कम 15 दिन की होगी। सूत्रों का कहना है कि कुल 69 पदों में से 43 पद ऐसे रहे, जिनके लिए जारी विज्ञापन में अंतिम तिथि का उल्लेख नहीं किया गया था। इसके अलावा जो विज्ञापन जारी भी हुए, वह नियमानुसार दो प्रख्यात समाचार पत्रों में नहीं दिए गए।

### न कॉल लेटर भेजे, न ही नियुक्ति आदेश

जांच के दौरान एक अन्य महत्वपूर्ण तथ्य सामने आया कि भर्ती प्रक्रिया के एक महत्वपूर्ण नियम कॉल लेटर व नियुक्ति आदेश भेजे जाने के संबंध में भी कार्यवाही नहीं हुई। जबकि विवि की भर्ती नियमावली में इस बात का स्पष्ट उल्लेख है कि साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों को डाक या ईमेल के जरिये निर्धारित तिथि से 10 दिन पहले कॉल लेटर भेजे जाने चाहिए। इसके अलावा यह भी उल्लेखित है कि चयन के बाद नियुक्ति पत्र रजिस्ट्रार कार्यालय की ओर से तैयार किया जाएगा।

### पांच पदों पर बिना आवेदन नियुक्ति

सूत्रों का कहना है कि चिह्नित 69 में से पांच पद ऐसे रहे, जिनमें बिना आवेदन पत्र के ही चयन की बात सामने आई। चयनित शिक्षकों के आवेदन पत्र जांच टीम को मिले ही नहीं। ऐसे में बिना आवेदन के ही नियुक्ति प्रदान करना नियुक्ति प्रक्रिया को सवालों के घेरे में खड़ा करता है। जिन चयनितों की पत्रावली में आवेदन पत्र नहीं पाया गया, इनमें प्रोफेसर डॉ. चंद्रकांत शुक्ला, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. शैलेश मार्कस समेत अन्य शामिल हैं।

## नहरों की देखभाल को लेकर हुई बैठक मे एसडीएम ने दिये निर्देश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** ब्लाक सभागार लालगंज में नहरों की देखभाल को लेकर एसडीएम की अध्यक्षता मे बैठक हुई। जिसमे सिंचाई विभाग, राजस्व विभाग व पुलिस विभाग के बीच सामजस्य बनाकर नहर से जुडी समस्याओं के निपटारे की बात कही गयी। एसडीएम सौम्य मिश्र ने बताया कि नहर में बंधा बना लेने, नहर को काट देने, नहर की पटरी को क्षतिग्रस्त करने आदि से जुडी तमाम समस्याएं आती हैं। इनके समय से निपटारा कराए जाने को लेकर सिंचाई विभाग, राजस्व विभाग व पुलिस विभाग मे सामंजस्य बनाकर कार्य करना जरूरी है। इसके लिए निर्देशित किया गया है। जिससे कि भविष्य में यदि नहर से जुडी किसी प्रकार की समस्या आती है तो उसका समय से पारदर्शिता पूर्ण निस्तारण कराया जा सकेगा। बैठक में सीओ रामसूरत सोनकर, सहायक अभियंता सिंचाई गणेशशंकर श्रीवास्तव, जेई एके सिंह, मनीष, मनोज, जितेश, रामयश, राममिलन, सीचंपाल रामचंद्र, सालिकराम तिवारी, प्रमोद तिवारी, अवधेश सिंह, सुरेन्द्र शुक्ल, वीर बहादुर आदि मौजूद रहे।

# कार्यदायी संस्थाएं कार्य पूर्ण होने पर विभाग को करें हैण्डओवरः डीएम

### डीएम ने परियोजनाओं व कार्यो की किया समीक्षा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने विकास भवन के सभागार में शासन की विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं 50 लाख रुपए से अधिक की लागत के कार्यो की समीक्षा करते हुये निर्देश दिया कि सभी विभाग अपने कार्यो में आपसी सामंजस्य बनाकर तेजी लाये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि टीम भावना से काम करते हुये कार्यक्रमों को आगे बढ़ाये।

उन्होने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जनपद में शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यक्रमों का क्रियान्वयन पूर्ण गुणवत्ता व समयसीमा के अन्तर्गत सुनिश्चित किया जाये इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों, कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यो का स्वयं भी समय-



विकास भवन के सभागार में आयोजित बैठक में बोलते जिलाधिकारी।

समय पर अनुश्रवण कराना सुनिश्चित करें। विकास कार्यो को नियत समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाये।

जिलाधिकारी ने बैठक में सीएनडीएस के परियोजना प्रबन्धक के अनुपस्थित पाये जाने पर स्पष्टीकरण का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक डीआरडीए को निर्देशित किया कि अपूर्ण आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण करायें। प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र को अपात्र करने एवं अपात्र को पात्र करने के प्रकरण पर जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक को निर्देशित किया कि आवास से सम्बन्धित जांच के दृष्टिगत अनियमितता करने वाले अधिकारियों को विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाये। सामुदायिक शौचालय की समीक्षा के दौरान डीपीआरओ ने बताया कि 1061 सामुदायिक शौचायल समूहों को हैण्डओवर कर दिये गये है एवं अवशेष पर कार्य चल रहा है जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सामुदायिक शौचालय के अवशेष कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करायें तथा जिन सामुदायिक शौचालयों का कार्य पूर्ण हो गया है।

उसे जल्द से जल्द हैण्डओवर कर दिये जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. जीएम शुक्ला, परियोजना निदेशक डीआरडीए आरसी शर्मा, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



मांगों को लेकर प्रदर्शन करते लोक निर्माण कर्मचारीगण।

## लोक निर्माण कर्मचारियों के कलमबंद हड़ताल से कामकाज प्रभावित

### कल से मुख्य अभियंता कार्यालय पर होगा धरना प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** लोक निर्माण विभाग के मिनिस्ट्रियल एसोसिएषन के जिलाध्यक्ष सत्यजीत सिंह के नेतृत्व में दो दिनो से कर्मचारी कलमबंद हड़ताल किये हुए हैं जिससे लोक निर्माण विभाग का कामकाज आज ठप रहा। बता दें कि लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर तीन व चार फरवरी को काली पट्टी बांधकर आंदोलन की शुरूआत की थी। छह व सात फरवरी को कलमबंद हड़ताल कर देने से कामकाज ठप हो गया है। कर्मचारियों के इस आंदोलन के क्रम में आठ से दस फरवरी तक तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन मुख्य अभियंता कार्यालय पर होग और 13 फरवरी को प्रमुख अभियंता कार्यालय पर प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन होगा। बुधवार को कलमबंद हड़ताल में आलोक, प्रेमचंद्र, राजेश, दिनेश, प्रमोद, अभयराज, अमृत लाल, अनिल, सुनील कुमार, मो0 शकील, राधेष्याम, प्रभात कुमार, चंद्रकांत, अखिलेश, मुकेश, मनीश पाण्डेय, राजकुमार, विवेक, भानु, प्रवेष पाल, सौरभ, ब्रजेश, राजेश, प्रवीण, बबलू सिंह, अनिल, विकास आदि ने भाग लिया।

# मांगों को लेकर अधिवक्ताओं ने प्रदेश सरकार का फूंका पुतला

### बार कौंसिल के आहवान पर तहसील मे दिया धरना प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बार कौंसिल के आहवान पर मंगलवार को यहां वकीलो ने तहसील मे धरना प्रदर्शन किया। विभिन्न मांगो को लेकर वकीलो ने उत्तर प्रदेश सरकार का पुतला भी फूंका। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई में वकीलो ने विभिन्न मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

अधिवक्ता कल्याण निधि में बढोत्तरी, अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम, बुजुर्ग अधिवक्ता पेंशन व अधिवक्ता पुस्तकालय भत्ता के साथ ही वकीलों के प्रदेश व्यापी उत्पीड़न को लेकर अधिवक्ता खासे आक्रोश मे दिखे। नारेबाजी करते वकीलो ने उत्तर प्रदेश सरकार का पुतला फूंका।

तहसील स्थित पार्क में हुई सभा मे संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने कहा कि प्रदेश सरकार वकीलो के हितो की अनदेखी कर रही है। वकीलों की मांगे पूरी नही हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। सभा का संचालन संघ के महामंत्री शेष तिवारी ने किया। आम सभा मे संघ के पूर्व अध्यक्ष टीपी यादव, पूर्व उपाध्यक्ष विपिन शुक्ल, संतोष पाण्डेय, विनय शुक्ला, दिनेश सिंह, पूर्व महामंत्री संदीप सिंह आदि ने भी मांगो को लेकर आक्रोश जताया। इस मौके पर शैलेन्द्र मिश्र, सिंटू मिश्र, संजीव तिवारी, उमेश सिंह, अखिलेश द्विवेदी, सुधाकर मिश्र, शैलेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, के के शुक्ल, हरेकृष्ण तिवारी, राजेश द्विवेदी, विकास तिवारी, शिवेन्द्र तिवारी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## एडीएमई ने लाबी का निरीक्षण कर देखी समस्या

**प्रतापगढ़।** लखनऊ मंडल के एडीएमई योगेश कुमार चैरसिया ने बीती रात स्थानीय जंक्शन और लाबी का निरीक्षण किया। इस दौरान ट्रेन संचालन में ड्राइवरों को आ रही समस्याओं के बारे में उन्हें बताया गया। निरीक्षण के बाद डीएमई ट्रेन से फुट प्लेट करते हुए लखनऊ रूट की ओर चले गए। इन दिनों ट्रेनों के संचालन और ट्रैक की सेफ्टी के मद्देनजर व्यवस्था जरा टाइट है। रेलवे बोर्ड से इसके सख्त निर्देश प्राप्त हैं। अधिकारी रात, रात ट्रेन के इंजन में बैठकर फुट प्लेट कर रहे हैं। जिससे की कमियों को दूर किया जा सके। इसी कड़ी में एडीएमई योगेश रविवार देर रात प्रतापगढ़ आए थे। चीफ क्रू कंट्रोलर ने उन्हें कर्मचारियों की समस्या के बारे में अवगत कराया।

# वर्ल्ड रिकार्ड का प्रमाण पत्र मिलने पर संस्कार ग्लोबल स्कूल में जश्न

### चेयरपर्सन ने बच्चों एवं शिक्षकों के प्रयास की सराहना करते हुए दी शुभकामनाएं

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सिटी प्रतापगढ़ मार्ग पर स्थित संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा में गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड एवं गोल्डेन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड का प्रमाणपत्र मिलने के बाद छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए शिक्षकों ने मुंह मीठा कराकर खुशी जतायी।

चेयरपर्सन डा. अंजना सिंह सेंगर ने बच्चों एवं शिक्षकों के प्रयास की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी। प्रिंसिपल समीना अख्तर ने बताया कि वर्ष 2019



प्रमाण पत्र के साथ संस्कार ग्लोबल स्कूल के छात्र-छात्रागण।

में छात्र -छात्राओं ने प्रयागराज में जल आधारित प्रयोग कर गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज कराया। विद्यार्थियों ने तीन चरणों में जल आधारित प्रयोग किए। जिसके सालिबिलिटी, लिटमस और कैपिलरी राइस टेस्ट के प्रयोग के लिए आधे-आधे घंटे का समय दिया गया, विद्यार्थियों ने किट और ट्रे में प्रयोग किया था।

निदेशक संजय सिंह ने कहा कि जल्द ही बच्चे हुनर की कार्यशाला लगाएंगे। संचालन दीपिका मिश्रा, जितेंद्र विक्रम सिंह ने किया। उप प्रधानाचार्य उमा सिंह, संध्या शुक्ला, विनय सिंह, हिंमाशु श्रीवास्तव, अंकुर सिंह, अभिषेक सिंह, सौरभ राकेश सिंह मौजूद रहे।

# मंदिर परिसर में प्रतिबंधित मांस मिलने से आक्रोश, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

### सीओ के घंटो समझाने के बाद किसी तरह माने ग्रामीण

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना क्षेत्र के डांडी गांव के एक बाग स्थित प्राचीन मंदिर परिसर में प्रतिबंधित मांस के कुछ टुकडो के मिलने से मंगलवार सुबह हडकंप मच गया। जानकारी होते ही वहां ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी। प्रतिबंधित मांस को लेकर एक सम्प्रदाय पर आरोप लगाते हुए लोग आक्रोशित हो उठे। सूचना पर पहुंचे सीओ के घण्टों समझाने के बाद लोग किसी तरह माने। घटना को लेकर चार लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी गयी है। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

लीलापुर थाना के डांडी गांव



प्रतिबंधित मांस मिलने से आक्रोशित लोगों को समझाते सीओ रामसूरत सोनकर।

निवासी मंदिर के पुजारी रामविशाल तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि गांव स्थित महावीर के बाग में हनुमान जी का प्राचीन मंदिर है। यहां ग्रामीण दर्शन पूजन करते हैं। इस मंदिर के परिसर मे लगे हैण्डपम्प पर बीते सोमवार की रात करीब आठ बजे प्रतिबंधित मांस को धुला गया। प्रतिबंधित मांस के कुछ टुकडो को मंदिर परिसर मे फेंक दिया गया। यही नही परिसर मे लगी सरकारी बेंच को भी तोड दिया गया।

जानकारी होने पर घटना की सूचना पीआरवी पुलिस को दी गयी। सूचना पर पहुंचे दो पुलिसकर्मी जांच के बाद वापस लौट गये। इधर मंगलवार की सुबह मंदिर परिसर मे प्रतिबंधित मांस फेकें जाने की लोगों में आक्रोश फैल गया। आननफानन मे फोर्स के साथ सीओ रामसूरत सोनकर व लीलापुर थानाध्यक्ष सुभाष यादव भी पहुंच गये। घटना को लेकर ग्रामीण आक्रोश जताते हुए आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की मांग करने लगे। सीओ के घंटो समझाने के बाद लोग किसी तरह माने।

## मोबाइल चोरी के आरोप में युवक को मारपीट कर किया घायल

**परियावां, प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के तकिया बडेरा निवासी अनवारूल हुसैन उर्फ गोरे पुत्र अफसर अली एवं परवाना पुत्र रहीस निवासी तकिया बडेरा किसी काम से गढ़ी मानिकपुर ज्वाला देवी मंदिर के सामने स्थित बंशी लाल सोनकर की दुकान पर पान खाकर घर वापस आ गए। इसके बाद महेश सोनकर बंशी लाल सोनकर अपने कई साथियों के साथ इन दोनों युवकों के पास पहुँचे और मोबाइल चोरी का आरोप लगाकर अपने गाड़ी में बैठाकर मानिकपुर ले आये। आरोप है कि मानिकपुर से पहले बैरहना में दोनों युवको को मार पीटकर घायल अवस्था मे वही छोड़कर भाग गए। स्थानीय लोगों ने घायल पड़े दोनो ब्यक्तियो की सूचना थाना मानिकपुर में दी। सूचना पर पहुची मानिकपुर पुलिस दोनों को मेडिकल के लिए ले गई।

## 15 फरवरी तक निःशुल्क खाद्यान्न का होगा वितरण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला पूर्ति अधिकारी रीना कुमारी बताया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 8 फरवरी से 15 फरवरी तक खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण ई-पॉस मशींन के माध्यम से उचित दर विक्रेताओं द्वारा किया जायेगा। इस अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रतिकार्ड 14 किग्रा0 गेहूँ व 21 किग्रा0 चावल एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारक को प्रति यूनिट 02 किग्रा0 गेहूँ व 03 किग्रा0 चावल का निःशुल्क वितरण किया जायेगा।

इसके अतिरिक्त अन्त्योदय कार्डधारकों को माह अक्टूबर से दिसम्बर 2022 के सापेक्ष प्रतिमाह 01 किग्रा0 चीनी के अनुसार कुल 03 किग्रा0 चीनी 18 रुपए प्रति किग्रा0 की दर से वितरण किया जायेगा। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न होने की स्थिति में कार्डधारक मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण की अन्तिम तिथि अर्थात 15 फरवरी को खाद्यान्न प्राप्त कर सकेंगे।

## रामनाम का जप करने से सुखों से भर जाता है जीवनः मानस किंकर

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के मनीपुर दीवानी वार्ड में बाबा रूद्रेश्वर धाम मे शुरू हुई सामूहिक श्रीराम कथा में श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है। अयोध्या धाम से पधारे कथाव्यास मानस किंकर जी महराज ने मंगलवार को श्रीराम कथा सुनाते हुए कहा कि श्रीराम कथा श्रवण से मनुष्य के जीवन मे परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होनें श्रद्धालुओं से कहा कि प्रतिदिन एक घण्टा प्रभु श्रीराम के लिये प्रदान करें तो जीवन सुखो से भर जाएगा। कथा प्रसंग में कथाव्यास ने कहा कि कलियुग में रामनाम का जप मोक्ष प्रदान करता है। कार्यक्रम का संयोजन रोशन शुक्ल तथा रमारानी शुक्ला ने किया। श्रीराम कथा में शामिल होकर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, अधिवक्ता दयाशंकर पाण्डेय, भाजपा नेता राजेशचंद्र तिवारी, मुन्ना शुक्ल, प्रभाकर शुक्ल, पं0 जमुना तिवारी आदि ने कथा श्रवण किया।

# एमडीपीजी कालेज में हुई निबंध व भाषण प्रतियोगिता

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मुनीश्वर दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को जी-20 के प्रदेश में प्रचार-प्रसार हेतु एवं जागरूक करने के उद्देश्य से निबन्ध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

निबन्ध प्रतियोगिता में बी.एड तृतीय सेमेस्टर की शिखा पाण्डेय को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। द्वितीय स्थान देवेन्द्र मणि पाण्डेय बी.एड. तृतीय सेमेस्टर ,तृतीय स्थान शांभवी सिंह बी-एस.सी. एवं सांत्वना पुरस्कार चाँदनी यादव को प्राप्त हुआ। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निधि त्रिपाठी, बी.एड., द्वितीय स्थान महिमा मिश्रा बी.ए. तृतीय वर्ष,तृतीय स्थान श्रीश चन्द्र शुक्ला एवं सांत्वना पुरस्कार नीरज कुमार तिवारी ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का



निबंध व भाषण प्रतियोगिता का निरीक्षण करते प्राचार्य प्रो0 मनोज मिश्र

आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.मनोज मिश्र के कुशल निर्देशन में डॉ0 अमिता मिश्रा कार्यक्रमाधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई एवं डॉ. शैलेश कुमार पाण्डेय कार्यक्रमाधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष इकाई द्वारा सम्पन्न कराया गया। महाविद्यालय के जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि प्रतियोगिता में 150 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

## विवाहिता गायब, पति ने दिया थाने में दी तहरीर

**पट्टी, प्रतापगढ़।** दवा लेने के बहाने के लिए घर से निकली विवाहिता घर से वापस नहीं लौटी तो परेशान पत्नी संभावित स्थानों पर काफी खोजबीन किया और जब कुछ नहीं पता चला तो थाने में विवाहिता के गुमशुदगी की तहरीर दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के गौहानी गांव का रहने वाला रमेश कुमार पुत्र प्रभुलाल गौतम ने बताया कि उसकी पत्नी सुनीता देवी 3 दिन पहले अस्पताल में इलाज के बहाने घर से निकली और पट्टी नगर में दवा लेने की बात कही उसके बाद से ही उसका मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा है 3 दिन बीत जाने के बाद संभावित स्थानों रिश्तेदारों तथा इष्टमित्रों के यहां पता करने के बाद भी जब विवाहिता का कुछ पता नहीं चला तो इस संबंध में उसने पट्टी कोतवाली में विवाहिता के गुम हो जाने की शिकायती पत्र दिया है।

# पुजारी राजा पण्डा के निधन पर व्यापार मण्डल ने जताया शोक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल प्रतापगढ़ की एक शोकाकुल बैठक जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी की अध्यक्षता में प्रांतीय उपाध्यक्ष राम शंकर जयसवाल जी के बाबागंज स्थित प्रतिष्ठान पर, जिला महामंत्री संजय सोनी जी के संचालन में संपन्न हुई। शोकाकुल बैठक में मां बेल्हा देवी धाम के पुजारी दिवंगत राजा पंडा, व्यापार मंडल संगठन मंत्री श्री अशोक केसरवानी के पिता स्वर्गीय हरीशचंद्र केसरवानी (नवीन मशीनरी स्टोर्स वाले), मोहनगंज बाजार व्यापार मंडल अध्यक्ष श्री शीतला प्रसाद अग्रहरी जी की दिवंगत बहू रूपा देवी अग्रहरी पत्नी सुनील अग्रहरी (मोनू), मंडल के निवर्तमान पदाधिकारी संजय त्रिपाठी (अभिनव सीनेटरी वाले)



राजा पण्डा के निधन पर शोक जताते व्यापार मण्डल के पदाधिकारीगण।

के बड़े भाई स्व. अजय त्रिपाठी एवं प्रतिष्ठित सरार्फा व्यवसाई स्वर्गीय कमलेश खंडेलवाल के निधन होने से शोकाकुल व्यापार मण्डल परिवार ने श्रद्धांजलि अर्पित कर परिजनों के सहन शक्ति, संबल हेतु ईश्वर से कामना की। शोकाकुल बैठक में मुख्य रूप से राम शंकर जायसवाल, लखन बाबा, संजय सोनी, सुरेश चन्द्र केसरवानी, नारायण खंडेलवाल, कृष्ण मोहन केसरवानी, आलोक मिश्र, सरदार महेंद्र सिंह, सरदार वसिंदर सिंह, दिनेश केसरवानी, कदीर अहमद, राहुल केसरवानी, सरदार कुलविंदर सिंह, शुभम जायसवाल, शकील अख्तर, अली हुसैन राइन, बनवारीलाल केसरवानी, मोहम्मद अख्तर राइन, दीपक केसरवानी व शुभ केसरवानी आदि अन्य पदाधिकारी व व्यापारीगण उपस्थित होकर शोक संवेदना व्यक्त की।

## भण्डारे में श्रद्धालुओं ने चखा महाप्रसाद

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के लखनसेनपुर में नौ दिवसीय श्रीराम कथा व सतचण्डी महायज्ञ के समापन के बाद भण्डारे का आयोजन हुआ। लखनसेनपुर गांव स्थित बुढ़िया माई देवी के स्थान पर आयोजित हुए भण्डारे में हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। कथाव्यास आचार्य भार्गवमुनि महराज ने कहा कि श्रीराम कथा का श्रवण करने से मनुष्य की सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाया करती है। उन्होनें कहा कि इस प्रकार के धार्मिक कार्यो से समाज में प्रेम की भावना मे मजबूती आती है।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के धुमाई रेलवे फाटक के पास को रेल लाइन पार कर रहे अधेड़ की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी है। जानकारी के अनुसार जगन्नाथ बरई उम्र लगभग 55 वर्ष सोमवार देर शाम अझुवा से निमंत्रण खाकर अपने घर वापस धुमाई गांव जा रहा था,रेलवे क्रासिंग धुमाई फाटक के पास रेलवे ट्रैक को पार करने लगा उसी समय तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में वह आ गया जिससे अधेड़ के परखच्चे उड़ गए बता दें कि धुमाई रेलवे फाटक 6 फरवरी से 11 फरवरी तक रेल ट्रैक में कार्य प्रगति के कारण बंद है फिर भी लोग किसी प्रकार आ और जा रहे हैं दुर्घटना की सूचना से परिजनों में कोहराम मचा है मौके पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई में जुट गई है।

**दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त संतलाल पुत्र मिठाईलाल निवासी देवखरपुर थाना मंझनपुर जनपद को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के बाद अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# एक सप्ताह पूर्व रहस्यमय हालत में गायब बालिका का रक्तरंजित मिला शव

## बालिका के गायब होने की सूचना देने के बाद नहीं चेती कोतवाली और चौकी पुलिस, घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंचे पुलिस आला अधिकारी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली के पुलिस चौकी टेवा के अंतर्गत टेन शाह आल्माबाद गांव से एक सप्ताह पूर्व एक दलित बालिका रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गयी थी मंगलवार की सुबह बालिका की रक्तरंजित लाश गांव के बाहर नहर के पास पड़ी थी बालिका के शव को कुत्ते नोच रहे थे बालिका के शव से दुर्गंध आ रही थी जिससे प्रतीत होता है कि कई दिनों पूर्व बालिका की हत्या की गई है मामले की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी समेत भारी पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंची है फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट भी घटनास्थल पर पहुंचे हैं घटनास्थल की पुलिस अधिकारी ने बारीकी से जांच की है तमाम साक्ष्य पुलिस अधिकारियों ने एकत्रित किए हैं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बालिका की मौत कैसे हुई है इस सवाल का जवाब देने से ग्रामीण बराबर कतराते रहे। जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के टेन शाह आलमाबाद गांव निवासी



घटनास्थल का निरीक्षण करती पुलिस मौके पर मौजूद ग्रामीण तथा इन्सेट में मृतक की फाइल फोटो

नरेश सरोज की 16 वर्षीय पुत्री मनीषा सरोज 31 जनवरी की शाम को अपनी मां के साथ खेतों की ओर जा रही थी कुछ देर बाद अचानक मनीषा लापता हो गई काफी खोजबीन के बाद भी मनीषा के बारे में परिजनों को कोई जानकारी नहीं लगी जिस पर परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस चौकी टेवा को दी सूचना मिलने के बाद भी पुलिस ने मनीषा को खोजने का कोई सार्थक प्रयास नहीं किया जिससे मनीषा के बारे में कोई सुराग नहीं लग सका मंगलवार को मनीषा की निर्वस्त्र लाश मिलने के बाद यह आशंका जताई जाती है कि घटना के दिन उसका अपहरण करने के बाद उसके साथ दुष्कर्म कर साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से उसकी हत्या की गई है हालांकि पुलिस अभी इस मामले में कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है।



मृतक बालिका के घर पर रोते बिलखते परिजन

### सिलाई सेंटर से खुल सकता है मनीषा की मौत का राज

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के टेन शाह आलमाबाद गांव निवासी मनीषा सरोज की रक्तरंजित लाश मिलने के बाद उसकी मौत ने कई अहम सवाल छोड़ दिए हैं बताया जाता है कि मनीषा ने पढ़ाई के बाद सिलाई सीखने की ठानी थी वह टेवा के सेंटर में सिलाई सीखने जाती थी 2 महीने तक सिलाई सीखने के बाद अचानक उसका सिलाई सेंटर जाना बंद हो गया है उसने सिलाई कोर्स पूरा नहीं किया है इसके पीछे क्या कारण था कि उसे सिलाई का कोर्स अधूरा छोड़ना पड़ा है सिलाई सेंटर के इंचार्ज से पूछताछ की जाए तो मनीषा के मौत से जल्द पर्दा उठ सकता है।

### लाश मिलने के पूर्व बालिका के मोबाइल को पुलिस ने क्यों नहीं किया ट्रेस!

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के टेवा पुलिस चौकी के अंतर्गत टेन शाह आलमा बाद गांव से 31 जनवरी की शाम रहस्यमय परिस्थितियों में मनीषा सरोज के गायब होने की सूचना परिजनों द्वारा पुलिस को दिए जाने के बाद आखिर कोतवाली पुलिस मनीषा को खोजने के लिए क्यों नहीं सक्रिय हुई यदि कोतवाली पुलिस ने मनीषा के मोबाइल को सर्विलांस में लगाकर उसकी कॉल डिटेल खोजने का प्रयास किया होता तो हो सकता है मनीषा की मौत ना होती लेकिन पुलिस ने मनीषा के मोबाइल नंबर को सर्विलांस में लगाकर खोजने का प्रयास नहीं किया यह कोतवाली पुलिस और चौकी पुलिस टेवा की बड़ी लापरवाही है।

### निर्वस्त्र थी बालिका की लाश

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के टेन गांव में नहर के पास मिली सड़ी गली रक्तरंजित बालिका की लाश निर्वस्त्र अवस्था में थी।31 जनवरी को बालिका रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हुई है और 7 फरवरी की सुबह 10:00 बजे के लगभग बालिका के लाश गांव के बाहर नहर के पास मिली है जबकि इस रास्ते से ग्रामीणों का प्रतिदिन आना जाना है यदि उसी दिन बालिका के इस स्थान पर लाश फेंकी गई होती तो निश्चित ही ग्रामीणों की नजर बालिका की लाश पर पड़ी होती इसलिए आशंका जताई जा रही है कि बालिका की अन्यत्र हत्या करने के बाद कई दिनों तक लाश को कहीं गायब करके रखा गया था बालिका के गायब होने के मामले में पुलिस की जांच शुरू होने की जानकारी घटना से जुड़े लोगों तक पहुंची होगी जिससे बालिका की लाश को नहर के पास ठिकाने लगाया गया है यह भी जांच का विषय है।

# धर्मांतरण में लगे आका तक क्या पहुंच पाएंगे कौशांबी पुलिस के हाथ !

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** बीते कई वर्षों से गांव गांव धर्मांतरण का खेल बेखौफ तरीके से खेला जा रहा है चमत्कार से बीमारी ठीक करने का झांसा देकर लोगों को अपने मंसूबे में फंसा कर धन के लालच में धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है बीते दिनों फतेहपुर जिले में भी धर्मांतरण के खेल को फतेहपुर पुलिस से उजागर कर आका तक पहुंचने का प्रयास किया है कई चर्चित लोगों की फतेहपुर जिले की पुलिस ने गिरफ्तारी भी की है कौशांबी के सैनी कोतवाली क्षेत्र में भी इलाज के बहाने धर्मांतरण का खेल पुलिस ने उजागर कर 10 लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया है लेकिन सवाल उठता है कि धर्मांतरण के खेल में लगे आका तक कौशांबी पुलिस के हाथ पहुंच पाएंगे या पुलिस इस मामले में भी लकीर पीटती रह जाएगी। सूत्र बताते हैं कि चरवा थाना

**चरवा थाना क्षेत्र के एक शिक्षण संस्थान से बेखौफ तरीके से संचालित हो रहा धर्मांतरण का खेल**

क्षेत्र के एक शिक्षण संस्थान से धर्मांतरण के खेल को बेखौफ तरीके से खेला जा रहा है इस खेल में शिक्षण संस्थान के प्राचार्य व उससे जुड़े प्रबंध तंत्र की भी भूमिका धर्मांतरण के खेल में सवालों के घेरे में है शिक्षण संस्थान की स्थापना ही धर्मांतरण को बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बाद भी आका के गिरेहबान तक कौशांबी पुलिस के हाथ नहीं पहुंच सके हैं अब देखना यह है कि सैनी कोतवाली में मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद भी धर्मांतरण के खेल के आका के गिरेहबान तक कौशांबी पुलिस के हाथ पहुंच पाते हैं या फिर धर्मांतरण के इस धंधे को बढ़ाने में लगा आका पुलिस के गिरफ्त में आने से बच जाता है।

# लेने देने वालों ने साधी चुप्पी, डीपीआरओ के नाम पर हो रही 10 प्रतिशत की वसूली

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** ग्राम पंचायत क्षेत्र में विकास कराए जाने के नाम पर पूरी योजनाएं कमीशन खोरी की भेंट चढ़ गई है किसी भी योजना में पारदर्शी तरीके से ग्राम पंचायतों का विकास नहीं हो रहा है खंड विकास अधिकारी कार्यालय में तैनात एडीओ पंचायत द्वारा बेखौफ तरीके से डीपीआरओ के नाम पर 10% कमीशन खोरी खुलेआम हो रही है हालांकि घूसखोरी की रकम देने वाले और लेने वालों ने अपनी जुबान बंद कर रखी है अवैध वसूली का खेल बड़ी गुपचुप तरीके से हो रहा है लेकिन डीपीआरओ के नाम पर 10% की शुरू हुई वसूली का यह खेल बड़ी जांच का विषय है। ग्राम पंचायतों में कराए जा रहे विकास कार्यों की धांधली से कमीशन खोरी की बू आ रही है विकास योजनाएं पूरी तरह से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी हैं घटिया निर्माण कराने के बाद भी एडीओ पंचायत और जिला पंचायत राज अधिकारी घटिया निर्माण पर कार्यवाही करने को कतई तैयार नहीं है आला अधिकारियों और नेताओं के दबाव पर कुछ मामलों में कार्रवाई की जाती है लेकिन उसके बाद भी उस मामले में भी लीपापोती कर भ्रष्टाचार की जड़ खोदने में लगे पंचायत के जिम्मेदारों को बचाने का प्रयास शुरू हो जाता है पूरे जिले के ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार चरम पर व्याप्त है। बेखौफ तरीके से

**करोड़ों रुपए महीने डीपीआरओ के नाम पर वसूली कराए जाने के मामले में अभी तक शासन प्रशासन ने नहीं शुरू कराई जांच**



**शासन स्तर से स्वतंत्र एजेंसी गठित कर बारीकी से जांच हुई तो डीपीआरओ के नाम पर वसूली का खुलासा होना तय**

विकास योजनाओं में 10% की कमीशन खोरी करने वाले एडीओ पंचायत के ऊपर अभी तक जांच कराकर कार्यवाही करने का प्रयास डीपीआरओ ने नहीं किया है जबकि इस संबंध में 15 दिनों पूर्व उनसे वार्ता भी हो चुकी है लेकिन अभी तक जांच कराकर उन्होंने एक भी एडीओ पंचायत को निलंबित कर उनकी गिरफ्तारी नहीं कराई है जिससे अवैध वसूली में उनके साझीदारी से भी इनकार नहीं किया जा सकता मामले को लेकर मुख्य विकास अधिकारी से भी चर्चा हो चुकी है लेकिन ग्राम पंचायतों से संबंधित ब्लाक के एडीओ पंचायत द्वारा डीपीआरओ के नाम पर हो रही 10% वसूली के मामले को टीम गठित कर अभी तक सीडीओ ने भी जांच नहीं शुरू कराई है जिससे जिले में भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी होती जा रही है कमीशन खोरी में लिप्त एडीओ पंचायतों के कारनामों को गंभीरता से लेते हुए जांच कराए जाने की जरूरत है शासन स्तर से स्वतंत्र एजेंसी गठित कर पूरे जिले में हो रहे एडीओ पंचायत की अवैध वसूली के मामले की बारीकी से जांच कराई गई तो डीपीआरओ के नाम पर हो रही वसूली का खुलासा होना तय है लेकिन क्या योगीराज में भ्रष्टाचार मुक्त सरकार की बात करने वाले उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके मंत्रियों द्वारा कौशांबी जिले में डीपीआरओ के नाम पर हो रही वसूली को गंभीरता से लेते हुए प्रकरण की शासन स्तर से टीम गठित कराकर जांच कराते हुए वसूली में लिप्त एडीओ पंचायत डीपीआरओ को निलंबित कर इन्हें गिरफ्तार जेल भेजने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी या फिर भ्रष्टाचार रोकने के बजाय शिकायत कर्ताओं की आवाज बन्द की जाएगी यह व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## न्यूज झरोखा

### 6 दिन से हो रहा घटिया नाला निर्माण

**शिकायत के बाद भी नाला निर्माण को ध्वस्त कराने नहीं पहुंचे अधिकारी**



**कोखराज कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत ककोड़ा में क्षेत्र पंचायत निधि से नाला का निर्माण एक सप्ताह पूर्व शुरू कराया गया नाले के निर्माण में घटिया क्वालिटी के तीसरे दर्जे की पीली ईट का प्रयोग ठेकेदार द्वारा बेखौफ तरीके से किया जा रहा है मामले को लेकर क्षेत्र पंचायत से विकास भवन तक शिकायत हुई लेकिन 6 दिन बीत जाने के बाद भी घटिया क्वालिटी के पीले ईट से हो रहे नाला के निर्माण को रोकने के लिए अभी तक मौके पर अधिकारी नहीं पहुंचे हैं जिससे घटिया निर्माण में लगा ठेकेदार जल्द से जल्द नाला निर्माण पूरा कर सरकारी खजाने से लागत की दस लाख रुपए की रकम निकाल लेने के जुगाड़ में लगा है जिससे योजना से जुड़े अधिकारियों की सांठगांठ की संभावना प्रबल होती जा रही है मामले की शिकायत मुख्य विकास अधिकारी हुई है उन्होंने कहा कि वह मामले की जांच करा कर कार्यवाही करेंगे अब सवाल उठता है कि जब सरकारी खजाना लूटा जा रहा हो तो लूट को रोकना है कि लूट होने के बाद लुटेरे को पकड़ कर जांच पड़ताल करनी होगी अजीब विडंबना है बेखौफ तरीके से नाला निर्माण में लूट मची है और अधिकारी जांच कराकर कार्रवाई की बात कर रहे हैं घटिया निर्माण को 4 दिन बाद भी रोकने के लिए अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे हैं बताया जाता है कि क्षेत्र पंचायत निधि से 10 लाख की लागत से नाला के निर्माण का ड्रामा अधिकारी और ठेकेदारों की सांठगांठ से किया गया है जिससे सरकारी खजाने से 10 लाख की रकम ड्रामेबाजी कर खजाने से निकाली जा सके क्षेत्र के लोगों ने सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ध्यान आकृष्ट कराते हुए घटिया निर्माण को ध्वस्त कराने सरकारी रकम की रिकवरी कराने ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने और दोषियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग की है

### जीवन मे सकारात्मक पहलुओं का समावेश ही वास्तविक जीवन कौशल

**जीवन कौशल प्रशिक्षण के द्वितीय चरण का हुआ समापन**



**कौशाम्बी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर में पांच दिवसीय जीवन कौशल प्रशिक्षण के द्वितीय बैच का समापन हुआ। उक्त प्रशिक्षण का आयोजन राज्य शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश के आदेश के क्रम में उपशिक्षा निदेशक प्राचार्य डायट कौशाम्बी के द्वारा आयोजित कराया गया। उक्त प्रशिक्षण का उद्देश्य विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा निर्धारित 10 कौशलों स्वजागरूकता,पारस्परिक सम्बन्ध कौशल, सृजनात्मक चिंतन, समलोचनात्मक चिंतन,समप्रेशन कौशल, समानुभूति कौशल, समालोचनात्मक कौशल आदि की निपुणता पर आधारित था।कार्यक्रम का संचालन संयोजक कौशलेन्द्र मिश्र एवं डॉ वंदना सिंह प्रवक्ता डायट द्वारा किया गया। प्रशिक्षण सत्रों में संदर्भदाता प्रियदर्शनी तिवारी व ऋचा शर्मा द्वारा विभिन्न सत्रों में परिषदीय शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया।शिक्षकों ने फीड बैक सत्र के दौरान इस प्रशिक्षण को व्यावहारिक, सैक्षणिक एवं जीवनपयोगी बताया गया।

### दहेज हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा वाछित अभियुक्त अनिल कुमार पुत्र शुखलाल निवासी हाजीपुर पतौना थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है

### शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मोहब्बतपुर पड़सा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सुरेश पुत्र स्व0 वासुदेव निवासी ऐमाबारी थाना मोहब्बतपुर पइसा को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 90 वाहनों का ई-पालान किया गया।

# कौशांबी प्रेसिडेंसी स्कूल एंड कॉलेज भरवारी में हुआ फेयरवेल पार्टी का आयोजन

## पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि एक शिक्षित व्यक्ति ही सभ्य समाज का निर्माण कर सकता है सभी को शिक्षित होना चाहिए

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी भरवारी।** स्थित कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज में आज दिनांक 7 फरवरी 2023 को फेयरवेल पार्टी का आयोजन हुआ जिसमें क्लास ग्यारह साइंस कॉमर्स और ह्यूमैनिटीज के छात्र एवं छात्राओं ने क्लास ट्वेल्थ के छात्र छात्राओं को फेयरवेल पार्टी दी। नम आंखों से बड़े भाव के साथ जूनियर्स ने अपने सीनियर्स को मिठाई खिलाकर विदा किया। विदाई समारोह की इस बेला में मिस्टर साइंस कृतज्ञ दिवेदी मिस साइंस सारा रुस्तम खान, वही मिस्टर कॉमर्स वैभव केसरवानी मिस कॉमर्स वर्तिका रस्तोगी, मिस्टर ह्यूमैनिटीज भास्कर शुक्ला एवं मिस ह्यूमैनिटीज शैलजा त्रिपाठी, मिस्टर केपीएस यादवेंद्र प्रताप सिंह, मिस केपीएस अंशिका रस्तोगी ,स्टूडेंट ऑफ द ईयर मेल आर्यन फ्रॉम ह्यूमैनिटीज, स्टूडेंट ऑफ द ईयर फीमेल श्रेयांशी फ्रॉम कॉमर्स को प्रदान किया गया..बहुत ही भव्य तरीके से इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया इसमें जूनियर छात्र छात्राओं के साथ साथ केपीएस भरवारी के



दीप प्रज्वलित करते पूर्व विधायक संजय गुप्ता




फेयरवेल पार्टी में मौजूद छात्राएं

समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और क्लास बारह के सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया संस्थान के चेयरमैन निवर्तमान विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है जिससे परिपूर्ण हो करके छात्र एवं छात्राएं अपने समाज और देश का विकास कर सकते हैं एक शिक्षित व्यक्ति ही सभ्य समाज का निर्माण कर सकता है सभी को शिक्षित होना चाहिए इसके अलावा केपीएस किड्जी फाउंडर देव बाबू गुप्ता ने कार्यक्रम के दौरान अपनी शुभकामनाएं समस्त छात्र-छात्राओं को दिया कार्यक्रम में संस्थान की डायरेक्टर सीमा पवार डिप्टी डायरेक्टर डॉ मिश्रा केपीएस प्रधानाचार्य रत्नाकर शर्मा उप प्रधानाचार्य सुशील त्रिपाठी दीपक खरवार मधुबन पटेल नारायण तिवारी अविनाश त्रिपाठी सौरभ सिंह सुशील यादव शशांक श्रीवास्तव देवेश मिश्रा सौरभ त्रिपाठी मोहम्मद अब्दुल आदि उपस्थित रहे।

# चरवा चौराहे पर चल रहा अवैध तरीके से नर्सिंग होम

अखंड भारत संदेश

**एनजीटी के नियमों के बिपरीत संचालित अस्पताल को बंद कराने के लिए पूर्व में अग्निशमन अधिकारी ने भेजा था डीएम को पत्र**

**शराब की बोतल पर बंद कर दी जाती है शिकायत पत्रावली की जांच**

**कौशाम्बी।** मुख्यमंत्री से लेकर स्वास्थ्य मंत्री लगातार अवैध नर्सिंग होम पर कठोर कार्यवाही किए जाने का की चेतावनी दे रहे हैं लेकिन मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री की चेतावनी का असर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को नहीं पड़ रहा है पूरे जिले में अवैध तरीके से संचालित नर्सिंग होम की भरमार है एनजीटी के नियमों के बिपरीत संचालित हो रहे अस्पताल को बंद कराने के लिए कई महीने पूर्व अग्निशमन अधिकारी ने जिला अधिकारी को पत्र भी भेजा था उसके बाद भी अवैध तरीके से संचालित नर्सिंग होम क्लीनिक पर ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है शिकायत के बाद अवैध नर्सिंग होम की जांच स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी शुरू करते हैं लेकिन शराब की बोतल पर शिकायत की पत्रावली की जांच बंद कर दी जाती है जिससे फिर अवैध नर्सिंग होम संचालक बेखौफ हो जाते हैं इसी तरह का एक अस्पताल चंरवा चौराहे पर बड़ौदा यूपी बैंक के सामने संचालित हो रहा है अस्पताल में मरीजों के इलाज का लेखा-जोखा भी मौजूद नहीं है झोलाछाप कथित डॉक्टर अस्पताल का संचालन कर रहे हैं जहां इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूली जाती है लेकिन मरीजों का मर्ज ठीक नहीं होता चिकित्सकों की लापरवाही से आए दिन अस्पताल में मौत हो रही है लेकिन उसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अस्पतालों को बंद कराने के प्रति गंभीर नहीं दिखाई पड़ रहे हैं चरवा चौराहे के इस अस्पताल की पूर्व में लोगों ने शिकायत की थी जिस पर सीएमओ ने मामले की जांच शुरू कराई बताया जाता है कि अस्पताल संचालक सीएमओ कार्यालय पहुंचा दारू की बोतल भेंट कर दी जांच पत्रावली बंद हो गई सीएमओ साहब से अब जनता पूछ रही है कि चरवा चौराहे पर चलने वाला यह अस्पताल किस डिग्री पर चल रहा है अस्पताल संचालक तो सीएमओ पर भी गंभीर आरोप लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं

हालांकि अवैध नर्सिंग होम संचालक आलीशान बंगला लग्जरी कार अकूत संपत्ति का मालिक बन चुका है कुकुरमुत्ता की तरह जिले में झोलाछाप डॉक्टर अकुशल अनट्रेंड चिकित्सक क्लीनिक अस्पताल के संचालन की आड़ में नर्सिंग होम पॉलीक्लिनिक का संचालन कर रहे हैं कुछ वर्षों में अकूत संपत्ति कमाई है करोड़ों के आलीशान बंगले और तमाम फ्लैट करोड़ों की कृषि योग्य भूमि के मालिक बन गए हैं लेकिन उसके बाद भी अवैध नर्सिंग होम और हॉस्पिटल पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी रहमो करम बनाए हुए हैं अस्पताल संचालकों की बातों को मानें तो करोड़ों रुपए महीने अवैध अस्पतालों से अवैध वसूली सीएमओ का चहेता बाबू कर रहा है बड़े हुजूर तो दारू के नशे में चूर रहते हैं जिसके चलते व्यवस्था को चौपट करने में विभागीय कर्मचारियों की भूमिका महत्वपूर्ण है इलाके के लोगों ने एक बार फिर चरवा चौराहे पर संचालित इस अवैध नर्सिंग होम की ओर स्वास्थ्य मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कठोर कार्यवाही की मांग की है।

# चायल कस्बा में तालाब में पलटी अनियंत्रित बोलेरो

अखंड भारत संदेश

**बेटी ने बचाई अपने भाई, माता पिता परिवार की जान**

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के चायल नगर पंचायत में इन दिनों रोड बनने का कार्य चल रहा है। रोड सही न होने के कारण बीती रात एक अनियंत्रित बोलेरो तालाब में जा गिरी है हालांकि इस दुर्घटना में किसी को गंभीर चोटें नहीं आई हैं जानकारी के मुताबिक लूकर गंज प्रयागराज निवासी ज्ञानेंद्र सिंह कार में सवार कुल 4 लोग सोमवार की शाम अपने ससुराल कनौली आनंद मोहन की लड़की की शादी में शामिल होने कार से गये थे प्रयागराज जाने के समय वापसी में चायल के पास अनियंत्रित होकर कार डिवाइडर से टकरा कर तालाब में पलट गई। हादसे की जानकारी मिलने पर मौके पर सीओ चायल और चायल चौकी इंचार्ज पहुंचे हादसे मे कार में सवार प्रीति सिंह, बेटा हर्ष व बेटी आस्था को ग्रामीणों की मदद से बचाया गया है।

### 2 दिन से गायब अधेड़ का नहीं लगा सुराग

**कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के डीहा चायल निवासी मानिक चंद्र ने पिपरी थाना पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि उसके पिता द्वारिका प्रसाद पुत्र बाबूलाल उम्र लगभग 44 वर्ष 4 फरवरी को दोपहर बाजार टहलने को गए थे लेकिन वह बाजार से वापस नहीं लौटे हैं काफी खोजबीन के बाद भी द्वारिका प्रसाद का कुछ पता नहीं चल रहा है जिससे परिजन परेशान है अधेड़ के गायब होने के बाद परिजनों ने पुलिस को तहरीर दे कर मामले की जानकारी दी है परिजनों का कहना है कि गायब अधेड़ की याददाश्त कमजोर है।

## संपादकीय

# धड़ाम - अरे बाप रे - ओ माय गॉड

किशन भावनानी

**वैश्विक** स्तरपर 1 फरवरी 2023 को आने वाले बजट पर पूरी दुनिया की नजरें लगी हुई थी। भारतवासियों का भी पूरा ध्यान बजट पर था। बजट आया अनेकों सौगाते लाया, परंतु स्वाभाविक रूप से कहीं खुशी तो कहीं थोड़ा बहुत गम भी लाया।पक्ष विपक्ष ने अपनी अपनी प्रतिक्रियाएं दी परंतु, अरे बाप रे! ओ माय गॉड! इनमें से कई लोग एक वित्तीय विपत्ति से अनजान थे, जिसकी नीव 24 जनवरी 2023 को ही पड़ गई थी। जिसका प्रभाव चूंकि, तभी सब 26 जनवरी 2023 के महापर्व में डूबे थे इसलिए इसके बाद धीरे धीरे उजगार होते रहा, जो बजट घोषित होने के बाद आज भी चरमस्तर पर है। कभी 2022 में कंपनी का मालिक रेटिंग में दूसरे नंबर पर था जो आज रेटिंग में 20 के भी नीचे आ गए हैं।सेंसेक्स से संसद अब सड़क तक एक्शन देखने को मिल रहा है! कारपोरेट जगत में कोहराम छाया हुआ है? कई हमारे वित्तीय विनियोगाकताओं की स्थिति चरमरा गई है, तो कुछ लोगों के सरकारी वित्तीय संस्थाओं में विनियोग है जिन्होंने बड़ी मात्रा में उस कंपनी में विनियोग किया है, उनकी चिंताएं बढ़ गई है। स्वाभाविक रूप से बजट से ध्यान हट कर अब इस वित्तीय समस्या पर सारे देश सहित विदेशों के कारपोरेट क्षेत्र का ध्यान भी लगा हुआ है इसलिए आज हम टीवी चैनलों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में आई जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे कि संसद से अब सड़क तक एक्शन, कारपोरेट क्षेत्र में कोहराम, एक रिसर्च रिपोर्ट से कंपनियों के शेयर रेट ऐसे गिर रहे हैं मानो पतझड़ में पेड़ों से पत्ते!दुनिया के निवेशक हैरान हैं।यह आलेख मीडिया में आई जानकारी के आधार पर है डाक्यूमेंट्स हमारे पास नहीं है। साथियों बात अगर हम इस कंपनी को अब तक के नुकसान की करें तो चूंकि अभी अभी बजट आया है इसलिए हम इसके कंपैरिजन में कहेंगे कि,रिसर्च कंपनी की रिपोर्ट सामने आने के बाद उद्योगपति का साम्राज्य किस तेजी से डूबा है, इसेहमर यूं समझ सकते हैं, वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत का बजट कुल45 .03 लाख करोड़ हैं, इतनी बड़ी रकम का करीब एक चौथाई भाग यानी 10 लाख करोड़ का घाटा अब तक ग्रुप को सिर्फ दस दिन में हो चुका है। ग्रुप का घाटा भारत के रक्षा बजट 4 लाख 32 हजार करोड़ रुपये से भी दोगुना है। रिसर्च रिपोर्ट सामने आने के बाद ग्रुप की कंपनियों के शेयर ऐसे गिरे हैं, जैसे पतझड़ में पेड़ों से पत्ते! 24 जनवरी 2023 के बाद से ग्रुप के शेयर हर दिन टूटे और ऐसा टूटे कि दुनिया के अमीरों की सूची से उद्योगपति टॉप-20 से बाहर हो गए! शेयरों में आई गिरावट की वजह से ग्रुप के मार्केट कैपिटलाइजेशन में अब तक कुल 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आई है,ये रकम कितनी बड़ी है, इसका अंदाजा हमर इस बात से लगा सकते हैं कि, वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारतीय रेल का बजट 2 .40 लाख करोड़ का है, जबकि ग्रुप का घाटा 10 लाख करोड़ रुपये का है। लगभग पांच गुना अधिक! रिसर्च रिपोर्ट आने के बाद से ग्रुप के शेयर लगातार गिरते जा रहे हैं। शेयर मार्केट में तो जैसे भूचाल आ गया है। ग्रुप की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं, मुंबई में शेयरों में जारी गिरावट से मार्केट में हाहाकार मचा है तो देश की राजधानी दिल्ली में विपक्ष ने संसद में जमकर हंगामा काट रहे है।विपक्ष कीमांग है कि ग्रुप पर लग रहे आरोपों पर चर्चा होनी चाहिए। जांच के लिए जेपीसी का गठन होना चाहिए।मतलब एक अमेरिकी रिपोर्ट से हिले ग्रुप साम्राज्य पर अब पॉलिटिक्स शुरू हो गई है। बड़ा सवाल ये कि ग्रुप का आगे क्या होगा, आज पूरी दुनिया की नजरें ग्रुप पर हैं। चाहे निवेशक हो, चाहे लोन देने वाले बैंक हो या फिर आम लोग। बीते कुछ दिनों से ग्रुप के नाम पर संसद ठप हैं, बजट पेश हो चुका है लेकिन बजट पर चर्चा नहीं हुई हैं। विपक्ष इसी बात पर अड़ा है कि जब तक जेपीसी का गठन नहीं होता तब तक संसद नहीं चलेगी। मतलब ये हंगामा अभी थमने वाला नहीं है।

# हवाई अड्डों पर बहाल हों झाड़-फूंक विशेषज्ञ

नवेन्दु उन्मेष

**बाबा** बोतलदास अखबार कांख में दबाये हुए सुबह-सुबह मेरे घर पधारे। मैंने उनसे पूछा बाबा क्या हालचाल है। तो उन्होंने अखबार के पन्नों को खोलकर पलटते हुए कहा यह देखो आज का अखबार। इसमें लिखा है कि फ्लाइट में एक महिला कपड़े उतार कर चहलकदमी कर रही थी। खबर पढ़कर ऐसा लगता है गोयाकि वह फ्लाइट में न होकर किसी सौंदर्य प्रतियोगिता के रैम्प पर कैट वाक कर रही हो। मैंने कहा बाबा इनदिनों रोज ब रोज फ्लाइट में चलने वाले यात्रियों के किस्से अखबारों में छप रहे हैं। कोई दारू पीकर विमान के सहयात्री पर पेशाब कर दे रहा है तो कोई गुटका खाकर विंडो खोलना चाहता है। तो किसी को दिल्ली से पटना जाना हो तो उसे उदयपुर पहुंचा दिया जाता है। पढ़कर ऐसा लगता है कि फ्लाइटें बुरी नजरों से गुजर रही हैं। इसके लिए सरकार को फ्लाइट उड़ाने से पूर्व बुरी नजरों को उतारे की व्यवस्था करनी चाहिए। प्रत्येक हवाई अड्डे पर झाड़- झाड़- फूंक विशेषज्ञ की बहाली होनी चाहिए। हवाई जहाज उड़ाने से पहले उसे तंत्र-मंत्र से झाड़ा जाना चाहिए। अगर इस व्यवस्था में देरी हो तो कम से कम एक नींबू और मिर्चा तो प्रत्येक शनिवार को फ्लाइट के अंदर या बाहर बांधा ही जाना चाहिए। इसके अलावा एक लाल कपड़े में नारियल बांधकर फ्लाइट के अंदर टांगा जाना चाहिए ताकि किसी यात्री या विमान को कोई बुरी नजर नहीं लगे। अगर यात्रियों को बुरी नजर नहीं लगेगी तो वे किसी प्रकार की अशोभनीय हरकत नहीं करेंगे। बोतलदास ने कहा कोरोना काल के बाद फ्लाइटों की अर्थव्यवस्था चैपट हो गयी है। फ्लाइटों को समुचित मात्रा में यात्री मिल कहां रहे हैं कि यह सब व्यवस्था विमान प्रबंधन विभाग करे। तब मैंने उन्हें सुझाव दिया कि विमान प्रबंधन विभाग किसी गली-कूचे से उठाकर झाड़ू और सूप तो ला ही सकता है। इन झाड़ू और सूप को विमान में बांधा तो जा ही सकता है। इससे भी बुरी नजरें फलाइट से दूर रहेंगी। अगर सबसे सस्ता उपाय मैं बताउं तो विमानों को उड़ाने से पूर्व हनुमान चालीसा का पाठ किया जा सकता है। वैसे हनुमान चालीसा में कहा भी गया है कि भूत पिशाच निकट नहीं आवे, महावीर जब नाम सुनावे, नाशे रोग हरे सब पीडा, जपत निरंतर हनुमत बलबीरा। वे बोले तुम्हारा सुझाव तो अच्छा है, लेकिन विमान प्रबंधन विभाग के अधिकारियों के दिमाग में यह बात आये तब तो फ्लाइटों का कायाकल्प ही हो जाये। इससे लाभ यह भी होगा कि यात्रियों की संख्या में भी इजाफा हो सकता है। घाटे में चल रही विमान कंपनियों का घाटा भी पूरा होगा। आगे बात बढ़ी तो मैंने बाबा बोतलदास को कहा कि हमारा देश धर्मपरायण देश है। कोई भी शुभ कार्य करने से पूर्व गणेश पूजन की जाती है। ऐसी व्यवस्था फ्लाइटों को उड़ाने से पूर्व की जा सकती है। इससे फ्लाइट के अंदर सब कुछ शुभ होगा। ऐसा करने से फ्लाइटों के अंदर से जो बुरी खबरें आती हैं वह भी बंद हो जायेंगी।

# कम उम्र के विवाह पर असम में सख्ती उचित

ललित गर्ग

**बाल** विवाह के खिलाफ असम सरकार ने व्यापक अभियान शुरू करके एक सराहनीय एवं सामाजिक उन्नयन का कार्य किया है। वहां की पुलिस ने ऐसे आठ हजार लोगों को चिह्नित किया है, जिन्होंने कम उम्र में शादी की या कराई। ऐसे विवाह कराने वाले पंडित और मौलवी के खिलाफ भी कदम उठाये जा रहे हैं। वहां की पुलिस ने इस मामले में दो हजार से अधिक लोगों को गिरफ्तार भी किया है। राज्य सरकार का कहना है कि ऐसे विवाहों को अवैध करार दिया जाएगा, निश्चित ही असम सरकार की यह पहल नारी जीवन में एक नया उजाला होगा। नया भारत को निर्मित करते हुए हमें ऐसी अनेक सामाजिक विसंगतियों एवं विडम्बनाओं को दूर करना ही होगा, जिसमें कम उम्र की शादियों एक बड़ा अभिशाप है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नारी जीवन से जुड़े ऐसे अभिशापों से उसे मुक्ति दिलाने के लिये प्रतिबद्ध है। तभी उन्होंने नारी विकास का सपना रात के अँधेरे में बंद आँखों से नहीं, दिन के उजाले में खुली आँखों से देखा है। उनके स्वप्न में नारी के चहुंमुखी विकास की कल्पना के साथ स्त्री और पुरुष की समानता की दस्तक है। मोदी ने 2020 के स्वतंत्रता दिवस सम्बोधन में घोषणा की थी कि देश में लड़कियों की शादी की न्यूनतम उम्र को 18 वर्ष से बढ़ाकर 21 किया जाएगा। वे जो कहते हैं, उसे साकार भी करते हैं, यही कारण है कि करीब एक वर्ष बाद ही प्रधानमंत्री ने अपनी घोषणा को क्रियान्वित कर दिखाया है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में महिलाओं के लिए विवाह की कानूनी आयु 18 से 21 वर्ष तक बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अब देश में चैदह साल से कम उम्र की लड़की के साथ विवाह करने वालों के खिलाफ पाक्सो अधिनियम के तहत और चैदह से अठारह बरस के बीच की लड़कियों से विवाह करने वालों के खिलाफ बाल विवाह रोकथाम अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज होगा। हालांकि असम सरकार की इस सख्ती से वहां के प्रभावित लोगों में नाराजगी देखी जा रही है, मगर सामाजिक बदलाव के लिए उठाए गए सरकारों के ऐसे कदम को अनुचित नहीं कहा जा सकता। सरकारों ने बाल विवाह के खिलाफ कड़े कानून बना रखे हैं। प्रशासन ऐसी शादियों पर नजर रखने का प्रयास करता है ताकि निर्धारित उम्र से पहले बच्चों की शादी न होने पाए। मगर इन तमाम कोशिशों के बावजूद बहुत कम उम्र में बच्चों की शादी कर देने का प्रचलन



सरेआम चालू है। एक मंजिल, एक दिशा और एक रास्ता, फिर भी स्त्री और पुरुष के जीवन में अनेक असमानताएं रही हैं, समाज की दो शक्तियां आगे-पीछे चल रही थी। इस तरह की विसंगतियों एवं असमानताओं को दूर करने के लिये सोच के दरवाजे पर कई बार दस्तक हुई, जब-जब दरवाजा खोला गया, दस्तक देने वाला वहां से लौटता दिखाई दिया। लेकिन मोदी ने दस्तक भी दी और इसे साकार भी किया है, जिसका स्वागत एवं क्रांतिकारी बदलाव के कदम उठाये जाने चाहिए। असम सरकार ने ऐसे कदम उठाये हैं तो अन्य प्रांतों को भी उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। क्योंकि इससे नारी तेजी से विकास करते हुए अपने जीवन में पसरी अनेक विसंगतियों को दूर होते हुए देख सकेंगी। कानून बनाने का फायदा भी तभी है, जब उसे संपूर्णता में लागू किया जाये। परिवार व समाज को बेटियों के व्यापक हित के लिए ज्यादा ईमानदारी एवं संवेदना से सोचना अपेक्षित है। अब भारत में पुरुष और महिला, दोनों के लिए विवाह की न्यूनतम आयु सीमा 21 है, जो एक आदर्श एवं समतामूलक समाज की संरचना को आकार देगी। आज देश में नारी समानता की तस्वीर देखने को मिल रहा है, लड़कियों की देश में साक्षरता दर बढ़ी है, लड़कियों को पढ़ा-लिखा कर सशक्त बनाने पर जोर है, वे प्रशासन, न्याय व्यवस्था, शिक्षा, चिकित्सा, व्यापार, उद्यम, देश विकास में बराबर की भागीदारी निभा रही है। शहरों एवं उच्च वर्गों में शादी की उम्र को लेकर भी जागरूकता देखने को मिल रही है। मगर एक हकीकत यह भी है कि बहुत सारे वर्गों, खासकर निम्न वर्ग में, पिछडे. क्षेत्रों एवं ग्रामों में विवाह की उम्र आदि को लेकर जागरूकता का अभाव है। कई समुदायों में आज भी यह मान्यता बनी हुई है कि कन्या के रजस्वला होते ही उसका विवाह कर देना चाहिए। कई समाजों में तो लड़के और लड़कियों का बचपन में ही विवाह कर दिया जाता है, फिर उनके योग्य होने के बाद गौना किया जाता यानी उन्हें साथ रहने दिया जाता है। कई समुदायों में लड़कियों की सुरक्षा के लिहाज से भी जल्दी विवाह कर दिया जाता है। वहां माना जाता है कि विवाह के बाद लड़की की अस्मिता पर प्रहार बंद हो जाता है। इन्हीं सब मान्यताओं और धारणाओं के चलते आज भी कम उम्र में विवाह का सिलसिला नहीं रुक पा रहा है। राजस्थान एवं मध्यप्रदेश में तमाम कड़ाई के बावजूद हर साल अक्षय तृतीया के दिन बहुत सारे नाबालिगों की शादियां सार्वजनिक तौर पर कर दी जाती हैं। इन सामूहिक बाल विवाह पर कानून का असर न होना चिन्ताजनक है। क्योंकि इन बाल विवाहों से लड़कियों के जीवन में अनेक वित्तीय, सामाजिक और स्वास्थ्य विषयक दुष्प्रभाव देखने को मिलते हैं, वैज्ञानिक तथ्य यह है कि कम उम्र में लड़कियों का विवाह कर देने और फिर उनके मां बन जाने का सीधा

> लड़कियों के विवाह की उम्र का प्रश्न केवल संतुलित समाज व्यवस्था से ही नहीं जुड़ा है बल्कि यह उनके स्वास्थ्य, सोच, सुरक्षा, विकास से भी जुड़ा है। हर देश, समाज एवं वर्ग विकसित होना चाहता है

अ स्र ा र

उनके स्वास्थ्य पर पड़ता है। वे जीवन भर शारीरिक रूप से कमजोर और बीमारियों से घिरी रहती हैं। वे स्वस्थ बच्चों को जन्म नहीं दे पातीं। कम उम्र में ही उनकी मौत हो जाती है। शिशु और मातृ मृत्यु दर पर काबू पाना इसी वजह से चुनौती बना हुआ है।

लड़कियों के विवाह की उम्र का प्रश्न केवल संतुलित समाज व्यवस्था से ही नहीं जुड़ा है बल्कि यह उनके स्वास्थ्य, सोच, सुरक्षा, विकास से भी जुड़ा है। हर देश, समाज एवं वर्ग विकसित होना चाहता है। विकास की दौड़ में महिलाएं भी पीछे क्यों रहे? यह प्रश्न अर्थहीन नहीं है, पर इसके समाधान में अनेक बिन्दुओं को सामने रखकर मोदी ने चिन्तन किया और एक नवनीत समाज एवं राष्ट्र के सम्मुख प्रस्तुत किया है। प्रधानमंत्री ने तब कहा था, ह्यसरकार बेटियों और बहनों के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित है। बेटियों को कुपोषण से बचाने के लिए जरूरी है कि उनकी सही उम्र में शादी हो।ह्व इसके लिए एक टास्क फोर्स की स्थापना हुई थी, जिसमें स्वास्थ्य मंत्रालय, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, कानून मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। टास्क फोर्स ने पुरजोर तरीके से कहा था कि पहली गर्भावस्था के समय किसी महिला की आयु कम-से-कम 21 साल होनी चाहिए। सही समय पर विवाह होने पर परिवारों की वित्तीय, सामाजिक और स्वास्थ्य की स्थिति मजबूत होती है। परिपक्व उम्र में शादी होने का सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि लड़कियों को ज्यादा पढ़ने और आजीविका चुनने का मौका मिलता है। वे एक परिवार के कुशल संचालन में भी दक्ष हो जाती है। जगजाहिर है कि बड़ी संख्या में लड़कियों की पढ़ाई, रोजगार, परिवार संचालन की जिम्मेदारी कम उम्र में शादी की वजह से बाधित होती रही है। अपने मौलिक गुणों से सम्पन्न लड़कियों जिस किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ती है तो वह कल-कल करती नदी की तरह निर्मल व पवित्र रहती हुई न केवल स्वयं विस्तार पाती है बल्कि जहां-जहां से वह गुजरती है विविध रूपों में उपयोगी बनती जाती है। उपयोगी बनने की एक उम्र सीमा होती है। इन सब दृष्टियों से असम सरकार का बाल विवाह के विरुद्ध अभियान उचित ही है। मगर इस कड़ाई में उसे यह देखने की जरूरत होगी कि जिन परिवारों के एकमात्र कमाऊ सदस्य इस अभियान में गिरफ्तार होंगे, उनके परिवार का भरण-पोषण कैसे चलेगा। राज्य सरकार को विरोध भी इसी वजह से झेलना पड़ रहा है। पर इससे न सिर्फ वहां, बल्कि दूसरे राज्यों के लोगों को भी एक सबक तो मिलेगा कि कम उम्र में विवाह करने या कराने के क्या दुष्परिणाम हो सकते हैं। इसलिए महिला मृत्यु दर में कमी लाना और पोषण के स्तरों में सुधार लाना जरूरी है। समय की दस्तक को सुनते हुए मां बनने वाली लड़की की उम्र से जुड़े पूरे मुद्दे को संवेदनशील नजरिये के साथ देखना जरूरी है। स्वस्थ एवं समतामूलक समाज की संरचना का दिल और दिमाग में उठ रहे इस नये सपने को आकार देने में सभी सहभागी बने, ताकि नारी जीवन-निर्माण का नया दौर शुरू हो सके।

# त्रिपुरा चुनाव: सत्ता बचाने के लिए भाजपा तैयार

अशोक भाटिया

**त्रिपुरा में** 60 सीटों पर विधानसभा चुनावों की 16 फरवरी को वोटिंग होनी हैं । फिलहाल यहां भाजपा का राज है और माणिक साहा मुख्यमंत्री हैं। बता दें, भाजपा ने पिछले विधानसभा चुनावों में 36 सीटें जीतकर उढक्(ट) की 25 सालों की सत्ता को यहां से उखाड़ फेंका था। इस चुनाव में भी भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर यहां चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। त्रिपुरा चुनाव की तारीख नजदीक आने के साथ ही भाजपा ने अपने स्टार प्रचारकों कि सेना की घोषणा कर दी हैं । इस लिस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई बड़े भाजपा नेताओं की एक स्टार कास्ट है, जिनके प्रचार के आखिरी दिन 13 फरवरी 2023 को राज्य का दौरा करने की संभावना है। प्रधानमंत्री मोदी के पश्चिम त्रिपुरा और दक्षिण त्रिपुरा जिलों में रैलियों को संबोधित करने की संभावना है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक बार फिर से राज्य का दौरा करने वाले हैं। उन्होंने उत्तर और दक्षिण त्रिपुरा दोनों से ह्यजन विश्वास यात्राह्व नाम की रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाने के लिए 5 जनवरी 2023 को त्रिपुरा का दौरा किया था। पार्टी के एक अंदरूनी सूत्र ने कहा कि अमित शाह के 6 फरवरी और 12 फरवरी को आने की संभावना है, जहां वह पूरे त्रिपुरा में 10 रैलियों और जनसभाओं में शामिल होंगे।

साथ ही इस समयभाजपा ने लेफ्ट के चुनाव घोषणापत्र की आलोचना कर रही है कह रही है कि विपक्ष जानता है कि वे सत्ता में नहीं आएंगे इसलिए छंटनी किए गए 10,323 स्कूल शिक्षकों को नौकरी देने जैसे असंभव वादे कर रहा है। फिलहाल न तो भाजपा और न ही उसके गठबंधन सहयोगी आईपीएफटी ने अपने चुनाव घोषणापत्र की घोषणा की है। भाजपा , केंद्रीय सरकार की प्रधानमंत्री विकास योजना ,छोटे उद्योग और हस्तशिल्प सहित कई व्यवसायों का समर्थन करेगा और त्रिपुरा जैसे राज्य इससे सीधे लाभान्वित होने की बात कर रही है । भाजपा का प्रचार बिंदु बजट में पशुपालन और मत्स्य पालन के लिए भारी धनराशि आवंटित की गई है। नबेंदु भट्टाचार्य ने कहा कि कृषि को अब कम्प्यूटरीकृत किया जाएगा और इसके लिए इसका डेटाबेस तैयार किया जाएगा। इतना ही नहीं हाल में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शुक्रवार को त्रिपुरा का दौरा किया और पार्टी के मेगा अभियान में शामिल हुए। जहां केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, केंद्रीय राज्य मंत्री प्रतिमा भौमिक, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा सहित कई नेता शामिल हुए। बंगाल के विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी, बंगाल भाजपा नेता दिलीप घोष, सांसद और भाजपा जनजाति मोर्चा के प्रमुख समीर उरांव सहित अन्य नेता विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में 35 रैलियों में शामिल हुए।पार्टी सूत्र ने कहा कि जेपी नड्डा केंद्रीय मंत्रियों नितिन गडकरी, सबार्नंद सोनोवाल, किरेन रिजिजू, अर्जुन मुंडा और स्मृति ईरानी जैसे स्टार प्रचारकों के साथ फिर से त्रिपुरा आएंगे, जबकि अन्य प्रमुख प्रचारक जैसे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह, अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू, अभिनेता हेमा मालिनी, मिथुन चक्रवर्ती, मनोज तिवारी, हिमंत बिस्वा सरमा भी पार्टी के चुनावी अभियान के लिए पहुंचेंगे। उत्तर-पूर्वी राज्य त्रिपुरा के राजनीतिक घटनाक्रम की बात करें तो राज्य में बीते साल मई में उस वक्त खलबली मच गई, जब अचानक प्रदेश का मुख्यमंत्री बदल दिया गया। चुनाव से ठीक पहले मौजूदा मुख्यमंत्री बिप्लब देव ने पद से इस्तीफा दे दिया और उनकी जगह माणिक साहा को नया मुख्यमंत्री बनाया गया। माणिक साहा पेशे से दंत चिकित्सक हैं और कुछ साल पहले ही वह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। आपको बता दें, भारतीय जनता पार्टी ने यही फॉर्मुला अपने गढ़ गुजरात में भी अपनाया गया था जहां चुनावों से ठीक पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री विजय रूपाणी को हटाकर भूपेंद्रभाई पटेल को राज्य का मुख्यमंत्री बनाया गया था। त्रिपुरा में भी कुछ ऐसा ही हुआ। हालांकि भाजपा चुनाव प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ेगी।

वहीं पिछले चुनाव में त्रिपुरा में पहली बार भाजपा की सरकार बनी है, ऐसे में सत्ता रिपीट करना भाजपा के लिए चुनौती साबित होगी।यहां आपको बता दें कि कभी ऐसा भी समय था जब त्रिपुरा में भाजपा का एक भी विधायक नहीं था, लेकिन बीते चुनावों में भाजपा ने अपने शानदार प्रदर्शन से विरोधियों को चौंका दिया था। अब त्रिपुरा में भाजपा का विजय रथ रोकने के लिए माकपा और कांग्रेस इस बार साथ आए हैं। वजह है कि त्रिपुरा की सत्ता पर 25 साल राज करने वाली माकपा पिछले विस चुनावों में केवल 16 सीटों पर सिमट गई थी। कांग्रेस का हाथ खाली रहा जबकि क्षेत्रीय आदिवासी संगठन और भाजपा की एलाइंस पार्टी इंडिजिनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (आईपीएफटी) के खाते में 8 सीटें आई। इस बार भी दोनों एक साथ मैदान में उतर रहे हैं। इधर, पूर्वोत्तर के राज्यों में हाशिए पर पहुंची कांग्रेस भी त्रिपुरा में अपना दमखम लगाती दिख रही है। इसके लिए कांग्रेस ने त्रिगुट गठबंधन तैयार किया है जो भाजपा के लिए रास्ते का कांटा साबित हो सकता है। कांग्रेस यहां कर्नाटक फॉर्मुला पर चुनाव लड़ेगी। ऐसे में मकसद साफ है कि सत्ता की बागड़ौर मिले, न मिले लेकिन भाजपा को रोकना ही कांग्रेस का एकमात्र मकसद है।कांग्रेस ने कर्नाटक फॉर्मुला अपनाते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)- माकपा से गठबंधन किया है। पिछले कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने ज्यादा सीटें होने के बावजूद जेडीएस के मुखिया एचडी कुमारास्वामी को मुख्यमंत्री बनाया था। त्रिपुरा के विस चुनाव में अगर कांग्रेस और माकपा मिलकर सरकार बनाते हैं तो सीटें किसी की भी ज्यादा हो, माकपा के माणिक सरकार ही मुख्यमंत्री के दावेदार होंगे। वहीं त्रिपुरा राज्य में नवगठित टिपरा मोथा पार्टी भी कांग्रेस और माकपा के साथ इस त्रिगुट में शामिल हो गई है। बता दें सूबे में नई नवेली टिपरा मोथा पार्टी अपने गठन के कुछ ही माह के अंदर स्वायत्त जिला परिषद चुनावों में जीत दर्ज करने में कामयाब रही है। इस पार्टी के गठबंधन में शामिल होने से माकपा-कांग्रेस-टिपरा मोथा का महा गठबंधन भाजपा के समक्ष काफी मजबूत लग रहा है। सत्ताधारी भाजपा को हराने के लिए तीनों पार्टियां सीटों की बंटवारे की रणनीति को तैयार कर रहे हैं। इसमें ज्यादा मतभेद होने की आशंका न के बराबर है। यहां मुख्यमंत्री कोई भी बने लेकिन कांग्रेस का लक्ष्य आगामी चुनाव में केवल और केवल भाजपा को हराना है।

# सरकारी टीचर को आखिर पढ़ाने कब दोगे?

रामविलास जांगिड़

**व्यक्तित्व** विकास के लिए आधारभूत तत्व शिक्षा है। शिक्षा ही एक ऐसा बीज रूप है, जिससे स्वस्थ नागरिक एक स्वस्थ वृक्ष में बदल सकता है। शिक्षा से ही देश की दशा और दिशा एक सार्थक रूप ले लेती है। विश्व रूपांतरण का एकमात्र आधार है शिक्षा! शिक्षा के बारे में ऐसे विचारित ऐसे तथ्य अब मात्र स्तुति गायन बन चुके हैं। शिक्षा का मूल आधार शिक्षक का कहीं अस्तित्व दिखाई नहीं देता है। सरकारी शिक्षक पढ़ाने के अलावा दुनिया भर के सब काम करते हैं। सरकारी स्कूलों में गरीबों, दलितों, कमजोर तबके से आने वाले विद्यार्थी पढ़ते हैं, जो पढ़ाई के बहाने केवल स्कूल के चक्कर काटने के लिए मजबूर हैं। अधिकांश विद्यालयों में शिक्षक नहीं हैं। जहां कहीं भी आधे-अधूरे शिक्षक हैं, वे स्कूलों में तो है लेकिन कक्षाओं में हरगिज नहीं होते हैं। वे स्कूल के किसी कमरे में बैठकर या तो ऑफलाइन ट्रेनिंग ले रहे हैं या फिर ऑनलाइन पाठ्यक्रम का हिस्सा बन रहे हैं। किसी अन्य कक्ष में बैठकर वे फ्री में बांटी जाने वाली साइकिल, किताब, कॉपी, ड्रेस, बैग, पेन, पेंसिल, रबर, दरी, दूध, रोटी आदि का हिसाब-किताब दे रहे हैं। एक ही हिसाब को 10 -10 बार अलग-अलग ढंग से बना-बना कर डिजिटल दुनिया में उछाल रहे हैं। वे किसी रैली के लिए बच्चों को इकट्ठा कर रहे हैं। किसी मेले उत्सव के लिए अध-कचरा सा आयोजन कर रहे हैं। बच्चे शिक्षक के इंतजार में कक्षाओं की दीवारों से भिड़ रहे हैं, दरी पट्टियां फाड़-फाड़ कर हवा में उछाल रहे हैं या फिर वे मिट्टी फांक रहे हैं। कहीं सरकारी शिक्षक स्वास्थ्य विभाग का ब्रांड एंबेसडर बनकर इस स्कूल से उस स्कूल तक स्वास्थ्य चेतना जगाने का कार्य कर रहा है। वह हेल्थ प्रमोशनल गतिविधियों के लिए नाच-गान कर रहा है। कहीं शिक्षक सामाजिक अधिकारिता विभाग के द्वारा जारी की गई सामाजिक न्याय की योजनाओं की पट्टी पढ़ाने के लिए ग्रामीण जनों के बीच घूम रहा है। पंचायत राज के कार्यों को पूरा करने के लिए वह राशन कार्ड, पट्टा, पेंशन, पालनहार, समाज उत्थान जैसी योजनाओं के फार्म भरवा रहा है। कहीं चुनाव की डूंडी पीट रहा है, तो कहीं नशा उन्मूलन कार्यक्रम के लिए सर्वे कर रहा है। सरकारी शिक्षक प्राइवेट विद्यालयों में होने वाली बोर्ड की परीक्षाओं में लंबे-लंबे समय तक अपनी ड्यूटियां दे रहा है। वह विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में वीक्षक के रूप में कार्य कर रहा है। कई भर्ती कार्यक्रमों में अपनी सेवाएं दे रहा है। शिक्षक स्कूल से बाहर निकल कर कहीं पानी बचाने का सबक सिखा रहा है, तो कहीं समाज जागरण के लिए रैली निकलवा रहा है। वह मेलों में अपनी ड्यूटी दे रहा है। शिक्षक हर एक सरकारी योजनाओं को पूरा करने के लिए गांव-ढाणी, शहर-जिला चक्कर काट रहा है। सब कुछ कर रहा है, बेचारा टीचर! लेकिन पढ़ा ही नहीं रहा है। शिक्षक का विद्यार्थियों के साथ कक्षा-कक्ष में आमना-सामना नहीं हो रहा है। वह अपने ट्रांसफर से भयग्रस्त है। पढ़ाने के अलावा शेष कार्यों से तनावग्रस्त है। शिक्षक एक राजनीतिक मोहरा बना हुआ है। शिक्षा राजनीतिक स्वार्थ की एक धुरी बनी हुई है। शिक्षा अधिकारियों से लेकर शिक्षक तक सब ऐसे जंजाल में फंस गए हैं, जहां शिक्षा का पढ़ने-लिखने से कोई भी संबंध कहीं दिखाई नहीं दे रहा है।

सब ये जानते हैं कि स्कूलों में पढ़ाई-लिखाई का कोई काम नहीं किया जा रहा है, फिर भी पढ़ाने-लिखाने का ढोंग रचा जा रहा है। सब कुछ वर्चुअल, सब कुछ ऑनलाइन, सब कुछ कागजों के भीतर ही शिक्षा का करतब दिखाया जा रहा है। सब हुआ जा रहा है। बस शिक्षक को पढ़ाने नहीं दिया जा रहा है। यही एक चिंता खाए जा रही है कि देश की सरकारी शिक्षा व्यवस्था टीचर के बिना धूल धुसरित हो गई है। गरीब वर्ग के लिए, दलित-दमित समुदाय के लिए, वंचित वर्ग के लिए, शोषित समाज के लिए, अभावग्रस्त बच्चों के लिए आखिर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कब आएगी? आज शिक्षा उसको ही मिलती है, जो उसे खरीदने की क्षमता रखता हो। फ्री की सरकारी शिक्षा तो बस छलावा मात्र है।

शिक्षा के द्वारा पैदा किए जाने वाले इस विशेष असंतुलन को, इस दरार को भरने की तत्काल आवश्यकता है। इसके लिए हर एक सरकारी स्कूल में मानदंडों के अनुसार पूरी-पूरी मात्रा में शिक्षक लगाने आवश्यक हैं। फिर शिक्षकों को शिक्षा के अलावा और किसी काम में लगाया जाना सर्वथा निषेध होना चाहिए। यहां तो हालात ऐसे मजाकिया हैं कि सरकारी शिक्षक कहीं बाल-विवाह रुकवाने के लिए शादी समारोह में पहरेदार बनता है और स्कूलों की पढ़ाई-लिखाई कैसी हो इसका निरीक्षण पटवारी करता है।

# हाथी के दाँत: दिखाने के कुछ खाने के कुछ

डॉ. सुरेश कुमार

**पहली** पीढ़ी दूसरी पीढ़ी को पाल सकती है, लेकिन दूसरी पीढ़ी पहली पीढ़ी को कभी नहीं पाल सकती। पालने के लिए धन-दौलत की जरूरत नहीं पड़ती, जरूरत पड़ती है तो भावनाओं की। जिसकी जैसी भावना होती है वह उसे वैसा ही देखता है। आज का समय विज्ञान का युग नहीं टूटते-बिखरते रिश्तों का युग है। यहाँ बिजली की गति से तेज रिश्ते बदलते हैं। मायने बदलते हैं। अपनों के बीच गैरों को देखने का यह अभिशप्त समय है। तब का समय और अब का समय कहने वाले समय को कोसते रहते हैं। समय कभी नहीं बदलता। वह तो सबके के लिए एक जैसा रहता है। बदलते लोग हैं। कभी जमीन के लिए तो कभी पैसे के लिए तो कभी प्यार-मोहब्बत के लिए। बचपन किशोरावस्था तक आते-आते रुचियाँ बदल लेता है। बदली हुई रुचियाँ दूरियाँ भी पैदा करती हैं। दूरियाँ केवल जमीन पर ही नहीं होतीं। दूरियाँ रिश्तों में भी होती हैं। जमीन की दूरियाँ जैसे-तैसे कम की जा सकती हैं, लेकिन रिश्तों की दूरियाँ इससे भिन्न हैं।

रिश्तों की दूरियों को जोड़ने के लिए फेविक्विक या फेविकॉल बाजार में नहीं मिलता। इसके लिए ऐसे गोंद की जरूरत होती है जो सिर्फ आँख और जीभ से ही निकलती है। मधुमेह की बीमारी मीठा खाने से आए यह जरूरी नहीं। लेकिन कुछ लोगों की बातें इतनी मीठी होती हैं, वह मधुमेह को भी पछाड़ देती है। मीठी बातों से गला काटने वाले अक्सर खरी-खरी बोलने वालों से दूरी बनाए रखते हैं।

## फटाफट खबरें

### पिकअप का राड टूटने से आधा दर्जन छात्रायें घायल



**अखंड भारत संदेश**
**मानिकपुर/चित्रकूट।** रामपुर कल्याणगढ से पिकअप से स्कूल जा रही आधा दर्जन छात्रायें पिकअप का राड टूटने से गिरकर घायल हो गईं। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने सभी घायलों को सीएचसी मानिकपुर में भर्ती कराया है।

ये हादसा आज सवेरे दस बजे मानिकपुर थाना क्षेत्र में हुआ। बताया गया कि रामपुर कल्याणगढ की छात्रा नन्दनी (15) पुत्री गुरशरण निवासी नागर, तन्वी (18) पुत्री इन्द्र कुमार पाण्डेय निवासी नागर, मोनिका (15) पुत्री उमेश पाण्डेय निवासी नागर, पूजा (12) पुत्री पारस पाल निवासी नागर, तनु पाण्डेय (14) पुत्री संजय कुमार निवासी रामपुर अपने गांव से पिकअप से राजकीय कन्या इंटर कालेज अर्द्धवार्षिक परीक्षा देने मानिकपुर आ रही थीं। पिकअप में पीछे लगा लोहे का राड टूटने से हेला गांव के पास काशीराम कालोनी पुलिया में अचानक झटका लगने से सभी छात्रायें गिरकर घायल हो गईं।

घायल छात्राओं को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानिकपुर में भर्ती कराया गया है। दो बालिकाओं को गम्भीर चोंट लगी है।

### विस्तार से जांच कराने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी का सदन में लगातार संघर्ष

**लखनऊ।** अडानी प्रकरण पर संयुक्त संसदीय समिति ( जेपीसी ) से या सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायधीश से विस्तार से जांच कराने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी सदन में लगातार संघर्ष कर रही है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार चर्चा के लिए तैयार नहीं है। इसलिए जनता के हित को सर्वोपरि रखते हुए सड़क पर संघर्ष करने का पार्टी ने निर्णय लिया।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आह्वन पर तथा प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर प्रातः 11:00 बजे मकबरा रोड़ कैसरबाग नियर बेगम हजरत महल (परिवर्तन चौक) से कांग्रेसजन प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नकुल दुबे, प्रदेश कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, प्रदेश महासचिव दिनेश सिंह, पूर्व विधायक सतीश अजमानी, श्याम किशोर शुक्ला, इन्दल रावत, मीडिया संयोजक अशोकर्सिंह, जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में पैदल मार्च करते हुए भारतीय स्टेट बैंक मुख्यालय की ओर बढे। इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर तैनात भारी पुलिस बल कांग्रेसजनों को बलपूर्वक रोंकने का प्रयास किया। तभी कांग्रेसजन बाबू केडी सिंह स्टेडियम के पास धरने पर बैठ गये। अंत में महामहिम राष्ट्रपति महोदया को संबोधित ज्ञापन पुलिस कमिश्नर लखनऊ के माध्यम से सौंपा गया।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि आम भारतीय नागरिकों की कीमत पर अपने करीबी दोस्त और चुनिन्दा अरबपतियों को लाभ पहुंचाने की मोदी सरकार की नीतियों से जहां पूरा देश विशेषकर मध्यम वर्ग परेशान और चिन्तित है। केन्द्र सरकार द्वारा अडानी समूह में एलआईसी एवं एसबीआई जैसे सरकारी संस्थानों के बेहद जोखिम भरे लेनदेन और निवेश ने भारत के निवेशकों जिसमें एलआईसी के लगभग 29 करोड़ पॉलिसी धारक और एसबीआई लगभग 45 करोड़ खाताधारकों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इस मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी सदन में चर्चा करने के लिए जहां एक तरफ संघर्षरत है। वहीं, सड़क पर हर स्तर पर आंदोलन करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत आज कांग्रेसजन सड़क पर हैं। श्री पाण्डेय ने आगे कहा कि केन्द्र सरकार सदी के सबसे बड़े घोटाले अडानी घोटाले पर चुप्पी साधे हुए है। कुछ दिनों पहले अडानी मुद्रा पोर्ट पर हजारों करोड़ की ड्रग्स पकड़ी गई सरकार के मुंह नहीं खुले, इनके द्वारा संचालित हवाई अड्डों पर मनमानी शुल्क वसूली होती है, सेब उत्पादकों से अडानी समूह ज्यादती करता है सरकार कुछ नहीं बोलती। जब अडानी समूह के शेयर में लगातार भारी गिरावट हो रही है नियामक संस्थाओं और सरकार की चुप्पी निश्चित रूप से दशार्ती है कि सरकार अडानी के साथ मिली हुई है। जबकि वैश्विक स्तर पर आर्थिक छवि को लेकर कांग्रेस चिन्तित है। पूरे देश में आर्थिक अव्यवस्था को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। लाखों करोड़ रुपए के ऋण का एक बड़ा हिस्सा बिना किसी संपत्ति के आधार पर अडानी समूह को देना क्या सरकार की नीयत पर सवाल नहीं खड़ा करता है?

# प्रोवेशन अधिकारी पर पीडिता ने लगाया गम्भीर आरोप

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** सीतापुर पुलिस चैकी क्षेत्र के रामघाट की सपना मिश्रा पुत्री राजेन्द्रनाथ मिश्रा ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि वह वन स्टाप सेंटर कर्वी चित्रकूट में सामाजिक कार्यकर्ता के पद पर कार्य कर रही है। विभाग के जिला प्रोवेशन अधिकारी रामबाबू विश्वकर्मा व सामाजिक कार्यकर्ता संजय श्रीवास्तव उससे आये दिन अश्लील हरकत कर छेडछाड करते हैं। पीडिता के पक्ष में सामाजिक संगठनों ने चेताया है कि पांच दिन के भीतर कार्यवाही न होने पर आन्दोलन को बाध्य होंगे।

मंगलवार को सीतापुर पुलिस चैकी क्षेत्र के रामघाट की सपना मिश्रा पुत्री राजेन्द्रनाथ मिश्रा ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि जिला प्रोवेशन अधिकारी रामबाबू विश्वकर्मा व सामाजिक कार्यकर्ता संजय श्रीवास्तव उससे अश्लील हरकत करने के साथ छेडछाड करते हैं। इच्छापूर्ति न करने पर सेवा मुक्त करने की धमकी देते हैं। छह सितम्बर को अपरान्ह ढाई बजे संजय श्रीवास्तव के जरिये रामबाबू विश्वकर्मा ने कार्यालय कक्ष में बुलाकर कहा कि वह उसकी व संजय श्रीवास्तव की एक बार इच्छा पूरी कर दो तो उसका प्रमोशन करवा देंगे। पहले प्रमोशन के निमित्त विश्वकर्मा उससे दो लाख रुपया ले चुका है और संजय श्रीवास्तव ने भी दो लाख रुपये लिए हैं। एक लाख रुपये अपने खाते तथा 40 हजार रुपये चेक से और 60 हजार रुपये नकद लिए हैं।

पीडिता ने बताया कि रामबाबू विश्वकर्मा ने छह सितम्बर को आफिस बुलाकर अश्लील हरकत करते हुए ब्लाउज फाडकर साडी खींच ली थी। विरोध कर इज्जत बचाकर उसके आफिस से बाहर भाग आई। संजय श्रीवास्तव उससे आये दिन छेडछाड कर इच्छापूर्ति का दबाव बनाता है। घटना की शिकायत उच्चाधिकारियों से किया तो रामबाबू विश्वकर्मा ने नौ सितम्बर 2022 को उसे निलम्बित कर दिया। इसके बाद भी दोनों उसके आवास पहुंचकर अभद्र हरकतें कर प्रताडित करते हैं। उसके पास बातचीत की रिकार्डिंग भी मौजूद हैं। पीडिता इन दोनों की धमकी से भयभीत व जानमाल के खतरा के प्रति आसंकित हैं। पीडिता ने रिपोर्ट दर्जकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। सामाजिक संगठनों के शिवेन्द्र प्रताप सिंह, सुशांत मिश्रा, राजदीप परौंहा, महेश, विमल सिंह व सूर्यभान सिंह ने चेताया है कि पांच दिनों के भीतर कार्यवाही न होने पर वे सभी लोग आन्दोलन को बाध्य होंगे। इस बारे में जिला प्रोवेशन अधिकारी का प्रयास के बावजूद पक्ष नहीं मिल सका।

# लोनिवि कर्मियों की चौथे दिन भी जारी रही हड़ताल

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** खंडीय सहायकों में व्याप्त समस्याओं का निराकरण न होने व विभाग के उच्चाधिकारियों की हठधर्मिता से उप्र लोनिवि मिनिस्टीरियल एसोसिएशन को पुनः हडताल व धरना प्रदर्शन करना पडा।



मंगलवार को उप्र लोनिवि मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के क्षेत्रीय अध्यक्ष सूर्यकान्त सोनी की अगुवाई में चैथे दिन कमलबन्द हडताल की गई। उन्होंने कहा कि तीन-चार फरवरी को काली पट्टी बांधकर व छह-सात फरवरी को कमलबन्द हडताल तथा आठ-नौ-दस फरवरी को क्षेत्रीय मुख्य अभियंता कार्यालय में धरना प्रदर्शन, 13 फरवरी को लखनऊ स्थित प्रमुख अभियंता कार्यालय में प्रदेश स्तरीय हडताल धरना प्रदर्शन की तिथि प्रान्तीय कार्यकारिणी ने घोषित की है। खंडीय सहायकों की समस्या के निराकरण को हडताल जारी है। खंडीय सहायकों की समय से पदोन्नति न होना, सहायकों का स्थायीकरण न होना, 2019 में आये नये सहायकों का नाम ज्येष्ठता सूची में न जोडना, नई ज्येष्ठता सूची जारी न करना और पुरानी पेंशन बहाली आदि की समस्याओं को लेकर लोनिवि परिसर में तीसरे दिन कर्मचारियों ने बढ-चढकर हडताल में हिस्सा लिया। हडताल में हिस्सा लेने वाले कर्मचारी उप्र लोनिवि मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के क्षेत्रीय अध्यक्ष सूर्यकान्त सोनी, जिलाध्यक्ष अनिल कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष छेदीलाल यादव, उमाशंकर शर्मा, वाहिद अली, राजकरन, धर्मेन्द्र कुमार सोनी महामंत्री, अमित द्विवेदी, अनिल कुमार मौर्या, रवीन्द्र कुमार, कौशल कुमार, संदीप सिंह, महेश कुमार, जितेन्द्र कुमार, रघुवर पटेल, संतोष कुमार, धर्मेन्द्र कुमार मिश्रा, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे। सभी कर्मचारियों ने जोर-शोर से नारे लगाते हुए अपनी समस्याओं के जल्द निराकरण की मांग उठाई। चेताया कि जब तक समस्याओं का निस्तारण न हो जायेगा, तब तक प्रान्तीय कार्यकारिणी के निर्देश पर हडताल जारी रहेगी।

# दुधारू गौवंशों को सुपुर्दगी में देकर करायें प्रगतिः डीएम

## विकास प्राथमिकता की हुई समीक्षा बैठक

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक में कहा कि नहरों में समय से पानी दें, ताकि फसलों की सिंचाई हो सके। एक्सईएन विद्युत से कहा कि ग्राम पंचायतों का बिल निकालकर डीपीआरओ को दें, ताकि जल्द से जल्द भुगतान हो सके। मंगलवार को जिलाधिकारी ने कलेक्टेªट सभागार में हुई मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि किसान सम्मान निधि में सही ढंग से निरीक्षण कराकर भेजें। उपनिदेशक कृषि राजकुमार से कहा कि अतिवृष्टि व बाढ से हुई क्षति का डाटा निकालकर चेक करायें और जल्द भुगतान करायें। निराश्रित गौवंश के बारे में कहा कि जो भुगतान चरवाहों का नहीं हुआ है, उसे जल्द करायें। सीडीओ से कहा कि गौशालाओं की संख्या बढाने को ब्लाक वाइज प्रस्ताव बनाकर भेजें। लक्ष्य के अनुसार टीकाकरण करायें। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से कहा कि दुधारु गौवंश की सुपुर्दगी कराकर प्रगति करायें। आयुष्मान कार्ड में पंचायत सहायकों, आंगनबाडी, आशा, एएनएम को लगाकर प्रगति करायें। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण में जिन अधिकारियों को सत्यापन का लक्ष्य दिया गया है, वह तत्काल सत्यापन रिपोर्ट दें।



उन्होंने डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह को निर्देश दिये कि मनरेगा के कार्यों में प्रगति करायें। खेल के मैदानों व पार्कों में फोकस कर कार्य करायें। प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत सडकों के कार्यों में तेजी लायें। आरईएस की सडकों को भी सूची में शामिल किया जाये। वन विभाग के अधिकारियों से कहा कि नर्सरी की सूची दें, ताकि जिला स्तरीय अधिकारियों को लगाकर वृक्षारोपण का सत्यापन कराया जा सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से विकास कार्यों की गुणवत्ता व शासन की मंशानुसार होनी चाहिए। किसी तरह की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### नहीं मिले गौवंश के कंकालः एसडीएम

**अखंड भारत संदेश**
**मानिकपुर/चित्रकूट।** जिले के मानिकपुर ब्लाक के अगरहुण्डा गांव की गौशाला से तकरीबन तीन सौ मीटर दूरी पर गौवंश के अस्थि पंजर मिलने की मामले की एसडीएम प्रमेश कुमार श्रीवास्तव ने जांच कराई। गौवंश के अवशेष न मिलने पर पत्रकारों को बताया कि एक किमी दूर छह इंच के दो टुकडे मिले हैं, जो गौवंश के प्रतीत नहीं हो रहे।

ज्ञात है कि गौवंश के कंकाल मिलने की सूचना पर मानिकपुर एसडीएम प्रमेश कुमार श्रीवास्तव ने सोमवार को खंड विकास कार्यालय में पत्रकारों को बताया कि खुद मौके पर खंड विकास अधिकारी धनंजय सिंह व पशु डॉ बृजेन्द्र सिंह, डॉ गौरव, सचिव वन्दना सिंह, प्रधान प्रदीप सिंह के साथ गौशाला के आसपास जांच की है। गौवंश के अवशेषों की खोज की गई। एक किमी दूर छह इंच के दो टुकडे मिले हैं, जो गौवंश के कंकाल प्रतीत नहीं हो रहे।

उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया में प्रसारित खबर पूरी तरह से गलत पाई गई है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया की खबर को लेकर वह मौके पर जांच में गये थे।

### दो के कब्जे से पुलिस ने पकडा तीस लीटर महुआ शराब

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान के क्रम में पुलिस ने दो लोगों को दबोचकर तीस लीटर महुआ शराब व बीस क्वार्टर देशी शराब के बरामद किये हैं।

सोमवार को चैकी प्रभारी सीतापुर प्रवीण कुमार सिंह की टीम में राजाबाबू पुत्र रामनिरंजन निवासी कपसेठी के कब्जे से तीस लीटर महुआ शराब बरामद कर गिरफ्तार किया है। 60 आबकारी अधिनियम के तहत उसका चालान किया है। टीम में चैकी प्रभारी के साथ सिपाही कुलदीप द्विवेदी व अभिषेक यादव मौजूद रहे।

इसी क्रम में सरधुआ थाने के दरोगा अनिल कुमार गुप्ता की टीम ने रामसूरत यादव पुत्र केदार निवासी मिजार्पुर मजरा सरधुआ के कब्जे से बीस क्वार्टर देशी शराब के बरामद कर दबोचा है। उसके खिलाफ भी 60 आबकारी अधिनियम दर्जकर चालान किया है। टीम में दरोगा के साथ सिपाही नरेन्द्र कुमार शामिल रहे।

### एआरटीओ पर हमले के आरोपियों पर लगायें रासुका

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जांच दौरान एआरटीओ प्रवर्तन विवेक शुक्ला पर जानलेवा हमले के चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। लोगों ने पुलिस अधीक्षक से मांग किया कि आरोपियों के खिलाफ रासुका व गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही कर घरों में बुलडोजर चलवाया जाये, ताकि भविष्य में कोई भी किसी अधिकारी पर हमले का साहस न कर सकें।

सोमवार को भरतकूप थाना पुलिस ने नामजद आरोपी नन्दकिशोर, राजकुमार, राजकरन निवासी गोंडा व शिवशंकर त्रिपाठी निवासी सिकरिया मजरा नांदी थाना पहाडी को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय में पेशकर जिला कारागार रगौली भेजा है। दो नामजद आरोपी फरार हैं। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश के साथ अज्ञात में दर्ज लोगों को चिन्हित करने में जुटी है।

उल्लेखनीय है कि शनिवार को अपरान्ह दो बजे एआरटीओ प्रवर्तन विवेक शुक्ला शासन के निर्देश पर ओवरलोड वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी बीच बिना नम्बर प्लेट के दो ओवरलोड डम्फर गुजरे, उन्होंने डम्फरों को पकडने का प्रयास किया तो चालक डम्फर छोडकर भाग गये। इसके बाद एआरटीओ को तकरीबन डेढ दर्जन लोगों ने घेरकर जानलेवा हमला किया था। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए चार लोगों को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

इस मामले में लोगों ने पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला से मांग किया कि आरोपियों के खिलाफ रासुका व गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही अमल में लाई जाये। आरोपियों के घरों पर बुलडोजर भी चलवाया जाये, ताकि भविष्य में कोई किसी अधिकारी पर हमला करने का साहस न कर सके।

### स्कूली बच्चों हेतु तोड़झफोड़झजोड़ कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन

**सुलतानपुर। जिलाधिकारी** रवीश गुप्ता की अध्यक्षता एवम् मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक की उपाध्यक्षता में संचालित जिला विज्ञान क्लब सुल्तानपुर द्वारा दिनांक 06 फरबरी 2023 को सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज, मनियारपुर, धम्मौर में स्कूली बच्चों के लिए तोड़झफोड़झजोड़ कार्यक्रम का एक दिवसीय आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि के एन आई टी के मैकेनिकल विभाग के पूर्व प्रोफेसर और विद्या भारती के अध्यक्ष डॉ एच डी राम तथा विशिष्ठ अतिथि चार्टर अकाउंटेंट सुनील शर्मा ने सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन और पुष्पार्चन करके किया। कार्यशाला का उद्देश्य बताते हुए जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक शैलेंद्र चतुवेर्दी ने बच्चों को नवप्रवर्तन की महत्वपूर्ण भूमिका को समझाया।

मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व प्रफेसर एच डी राम ने छात्र छात्राओं के नवीन सोच को प्रयोग और कार्य में परिवर्तित करने से उपस्थित जनों को अवगत कराया। सी ए सुनील शर्मा ने विद्यार्थियों के हित योजनाओं को विस्तार से बताया। कार्य शाला में विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे विभिन्न विद्यालयों से आए हुए लगभग 230 विधार्थियो ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार ग्राम भारती, परितोष के छात्र विराट सिंह, द्वितीय पुरस्कार सरस्वती शिक्षा मंदिर, परितोष के शुभम मौर्य, तृतीय पुरस्कार आयुषी यादव के सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज, मनियारपुर, धम्मौर ने प्राप्त किया।

### पीआरवी ने युवक को आत्महत्या करने से बचाया

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर पीआरवी 2041 टीम में घटना स्थल पर तत्काल पहुंचकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर रहे युवक को बचा लिया।

मंगलवार को चैकी शिवरामपुर पीआरवी 2041 टीम को अपरान्ह दो बजे सूचना मिली कि पडोसी दिनेश कुमार पुत्र रामखेलावन निवासी हिनौतामाफी थाना भरतकूप कमरे में बन्द होकर फांसी लगा रहा है। सूचना पर तत्काल पीआरवी पुलिस टीम घटना स्थल पहुंची। घटना स्थल में बताया गया कि पारिवारिक बंटवारे को लेकर विवाद होने पर युवक दिनेश कुमार कमरे में जाकर लोहे के एंगल में ड्रम के सहारे रस्सी बांधकर फांसी लगा रहा है।

पुलिस टीम ने घर के अन्दर जाकर कमरे में पहुंचकर लोहे के एंगल में लगी रस्सी काटकर युवक को आत्महत्या करने से बचाया। युवक को समझा-बुझाकर परिजनों के सुपुर्द किया।

### ड्राप मोर क्राप के तहत जमा करायें प्रपत्रः डीएचओ



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार ने बताया कि जिन किसानों ने भूमि संरक्षण विभाग से संचालित खेत-तालाब योजना से अपने खेत में तालाब का निर्माण कराया है। वे किसान उद्यान विभाग से ड्राप मोर क्राप के तहत पोर्टेबल स्प्रिंकलर को विभागीय पोर्टल में पंजीकरण करा लें।

मंगलवार को जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार ने बताया कि जिन किसानों ने भूमि संरक्षण विभाग से संचालित खेत-तालाब योजना से अपने खेत में तालाब का निर्माण कराया है, वे किसान उद्यान विभाग से ड्राप मोर क्राप के तहत पोर्टेबल स्प्रिंकलर को विभागीय पोर्टल में पंजीकरण करा लें। पंजीकरण को पत्रावली विभाग में जमा कराते हुए लाभ प्राप्त कर सकते हैं। पंजीकरण को आवश्यक प्रपत्र कृषक भूमि की खतौनी, बैंक पासबुक की छायाप्रति, आधारकार्ड व मोबाइल नम्बर, दो फोटो, जमा करा दें।

उन्होंने बताया कि सभी प्रपत्र विभाग में जमा कराकर पोर्टेबल स्प्रिंकलर का लाभ विभागीय दिशा-निर्देश के अनुसार मिलेगा।

# किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं महिलायें: डॉ चौहान



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** प्रदेश शासन से जारी बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत बेटियों को खेल क्षेत्र में बढ़ाने की गरज से स्टेडियम में खेल महाकुंभ में जिले भर की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चित्रकूट इंटर कॉलेज की छात्राओं ने एथलेटिक्स क्षेत्र में चैम्पियनशिप जीती।

मंगलवार को चित्रकूट इंटर कालेज में प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान ने प्रार्थना सभा में सभी छात्राओं को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि देश में बालिकाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। पुरुषों के मुकाबले अब महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। सभी छात्राओं ने जिस प्रकार खेलकूद में स्थान बनाया है, उसी तरह हर क्षेत्र में आगे बढ़कर कालेज और जिले का नाम रोशन करें। प्रधानाचार्य ने बताया कि दो बालिकाएं व पांच बालक राष्ट्रीय स्तर में खेलने को चयनित हैं, जिसमें लवली सिंह, रिंकी देवी, अंजना, नर्वदा प्रसाद, प्रदीप सिंह, अरुण कुमार, जयदीप, गिरिजेश, मोहम्मद याकूब, जैनेंद्र सिंह शामिल हैं। ये सभी राष्ट्रीय स्तर की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

खिलाड़ियों की टीम अखिल भारतीय एथलेटिक्स कार्यक्रम पटना में हिस्सा लेने को चंबल एक्सप्रेस से रवाना हो गए। इस मौके पर खेल अधीक्षक श्रीनिवास त्रिपाठी, अनुशासन अधिकारी डॉ रमेश कुमार सिंह चंदेल, फूलचंद चंद्रवंशी, भरत सिंह तोमर, शंकर प्रसाद यादव, शक्ति सिंह सेंगर, प्रदीप शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# विदेश संदेश

## काठमांडू में पाकिस्तानी दूतावास के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान

**काठमांडू।** नेपाल स्थित पाकिस्तानी दूतावास की तरफ से कश्मीर सॉलिडेरिटी डे मनाने पर काठमांडू में विरोध प्रदर्शन हुआ। राष्ट्रीय एकता अभियान के बैनर तले युवाओं ने पाकिस्तानी दूतावास के मुख्य द्वार के सामने ही हस्ताक्षर अभियान चला कर अपना विरोध प्रकट किया। काठमांडू स्थित पाकिस्तानी दूतावास में जिस समय सॉलिडेरिटी डे मनाया जा रहा था, ठीक उसी समय दूतावास के गेट के बाहर सड़क पर ही पाकिस्तान विरोधी नारे लगाने के साथ



हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा था। राष्ट्रीय एकता अभियान, नेपाल के केन्द्रीय सदस्य डॉ प्रभात कुशवाहा ने बताया कि पाकिस्तान में हिन्दुओं की हत्या, हिन्दू धार्मिक स्थलों की तोड़फोड़, धार्मिक अतिवाद को बढ़ावा देने और आतंकवाद को प्रायोजित करने के विरोध में हमने हस्ताक्षर अभियान चलाया है। हस्ताक्षर अभियान में सहभागी सरिता सिंह ने कहा कि आतंकवाद और धार्मिक उन्माद को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान की तरफ से कश्मीर सॉलिडेरिटी डे मनाना बिल्कुल भी जायज नहीं है, इसलिए हमारा विरोध जारी है। इस विरोध प्रदर्शन के कारण पाकिस्तानी दूतावास में आयोजित कार्यक्रम में मुश्किल से दस लोग भी सहभागी नहीं हो पाए।

## भूकंप में मदद पाकर बदले तुर्किये के सुर, भारत को बताया 'दोस्त'

**अंकारा।** तुर्किये में आए भूकंप के बाद जिस तरह से भारत ने त्वरित मदद भेजी है, वह मदद पाकर तुर्किये के सुर बदल गए हैं। तुर्किये ने भारत को 'दोस्त' बताकर धन्यवाद दिया है। तुर्किये में भूकंप आने के बाद पूरी दुनिया से मदद का सिलसिला जारी है किन्तु सबसे पहले जिस देश की मदद तुर्किये पहुंची, वह भारत है। इससे पहले कई बार भारत और तुर्किये के बीच रिश्तों को लेकर सवाल खड़े होते रहे हैं। कई बार अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जब मामला भारत बनाम पाकिस्तान हुआ




तो तुर्किये पाकिस्तान के साथ खड़ा दिखा है। अब भूकंप आने के बाद भारत की ओर से पहुंची मदद ने तुर्किये के सुर बदल दिये हैं। भारत की ओर से भेजी गयी मदद के बाद तुर्किये ने भारत को शुक्रिया कहा है। तुर्किये के राजदूत फिरात सुनेल ने ट्विटर पर लिखा, 'दोस्त' टर्किश और हिंदी में एक आम शब्द है। हमारे यहां एक टर्किश कहावत है, दोस्त करा गुंडे बेली ओलुर यानी जरूरत में काम आने वाला दोस्त ही दोस्त होता है। बहुत बहुत धन्यवाद भारत। सुनेल ने भारत द्वारा भेजी गयी राहत सामग्री के चित्रों के साथ भी ट्वीट किया।

## विश्व स्वास्थ्य संगठन का दावा- तुर्किये-सीरिया में मृतक संख्या पहुंचेगी 30 हजार पार

**जेनेवा।** तुर्किये और सीरिया सहित छह देशों में 24 घंटे के भीतर लगातार भूकंप के झटकों से हुए नुकसान ने दुनिया हिला दी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का दावा है कि तुर्किये एवं सीरिया में मरने वालों की संख्या 30 हजार से ज्यादा का आंकड़ा छुएगी।

तुर्किये में आए भूकंप का सर्वाधिक असर तुर्किये एवं सीरिया में देखने को मिला है। तुर्किये में पहले सोमवार को दस घंटे के भीतर तीन जोरदार भूकंप के झटके लगे, वहीं मंगलवार सुबह फिर भूकंप का एक झटका महसूस किया गया। भूकंप के कारण तुर्किये एवं सीरिया में तबाही छायी है। अब तक तुर्किये एवं सीरिया में चार हजार से ज्यादा लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। सैकड़ों इमारतें जमींदोज हो गयी हैं। माना जा रहा है कि इमारतों के मलबे के नीचे सैकड़ों लोग दबे होंगे। मलबे में दबे लोगों के शव एवं भारी संख्या में घायलों को लगातार निकाला जा रहा है। बीस हजार से ज्यादा घायलों का इलाज चल रहा है, इसमें हजारों की हालत गंभीर है। भूकंप की भयावह त्रासदी के बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बड़ा दावा किया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का दावा है कि तुर्किये एवं सीरिया में ही मृतकों की संख्या तीस हजार पार कर जाएगी। घायलों की संख्या में भी तेजी से वृद्धि होगी। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि भूकंप के मामलों में अक्सर देखा गया है कि शुरुआत में मृतकों और घायलों की जो संख्या आती है, समय के साथ-साथ उसमें तेजी से वृद्धि होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भूकंप के चलते बेघर होने वाले लोगों के लिए भी चेतावनी दी है।

# भारतवंशी अमेरिकी सांसद रो खन्ना को मिला अहम पद

**-कांग्रेसनल कॉकस ऑन इंडिया एंड इंडियन अमेरिकंस के सह अध्यक्ष निर्वाचित**

**वाशिंगटन।** डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद रो खन्ना और रिपब्लिकन पार्टी के सांसद माइक वाल्ट्ज को 118वीं कांग्रेस में 'कांग्रेसनल कॉकस ऑन इंडिया एंड इंडियन अमेरिकंस' का सह अध्यक्ष चुना गया है। इस पद पर चुने गए रो खन्ना (46) दूसरे भारतीय अमेरिकी हैं। इससे पहले 115वीं कांग्रेस (2015-2016) में डॉ. एमी बेरा को सह अध्यक्ष चुना गया था।

एमी बेरा तब कांग्रेस में सेवा देने वाले एकमात्र भारतीय-अमेरिकी थे। इस समय डॉ. बेरा, रो , राजा कृष्णमूर्ति, प्रमिला



जयपाल और श्री थानेदार सहित पांच भारतीय-अमेरिकी कांग्रेस का हिस्सा हैं। कांग्रेसनल कॉकस ऑन इंडिया एंड इंडियन अमेरिकंस में सांसदों का किसी देश से संबद्ध सबसे बड़ा एवं विशिष्ट द्विदलीय गठबंधन है। यह दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसका गठन 1993 में किया गया था।

उल्लेखनीय है कि भारतवंशी अमेरिकी सांसद रो खन्ना यह कहकर पहले से सुर्खियों में हैं कि वह कैलिफोर्निया से सीनेट के लिए चुनाव लड़ने की संभावना तलाश रहे हैं। इसके बाद अमेरिका के कई प्रांतों के डेमोक्रेटिक पार्टी सदस्यों के बीच यह अटकल तेज हो गई है कि हो सकता है कि उनकी नजर भविष्य में देश के राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने पर हो।

## बुर्किना फासो में आतंकी हमला, 25 लोगों की मौत



**औगाडौगौ।** पश्चिम अफ्रीकी देश बुर्किना फासो के साहेल क्षेत्र में हुए आतंकवादी हमले में 25 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी साहेल क्षेत्र के गवर्नर लेफ्टिनेंट कर्नल रोडोलफे सोरघो ने दी।

उन्होंने कहा है कि सशस्त्र आतंकवादी समूहों ने शनिवार दोपहर सेनो प्रांत के साहेल क्षेत्र में हिंसक हमला किया। हमले में 22 नागरिकों और तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। पश्चिम अफ्रीकी देश में 2015 से आतंकवाद से जूझ रहा है।

## भूकंप से फिर कांपा तुर्किये, सीरिया में दहशत, अब तक 4,300 से ज्यादा लोगों की मौत

**-मलबे में हो रही जिंदगी की तलाश, भारत ने मदद के लिए एनडीआरएफ की टीम, दवाएं, चिकित्सा उपकरण भेजे**

**अंकारा/दमिश्क/।** तुर्किये और सीरिया में भूकंप की विनााशलीला के बीच मंगलवार सुबह मध्य तुर्किये की धरती फिर ताजा भूकंप के झटकों से हिल गई। इन झटकों की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.5 मापी गई। तुर्किये और सीरिया में मलबे से अब तक 4,300 से ज्यादा शव निकाले जा चुके हैं। सोमवार सुबह से युद्धस्तर पर राहत और बचाव काम जारी है। भारत ने तुर्किये को मानवीय और चिकित्सा सहायता भेजी है। मृतकों का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे की वेबसाइट के मुताबिक मंगलवार को भूकंप का झटका सुबह करीब पौने नौ बजे दर्ज किया गया। भू-गर्भ वैज्ञानिकों का कहना है कि सोमवार को आए शक्तिशाली भूकंप के झटकों के बाद अब तक तुर्किये और सीरिया के सीमाई इलाके में अब तक करीब 100 भूकंप के झटके महसूस किए गए।



इस विनाशकारी भूकंप पर डब्लूएचओ के वरिष्ठ अधिकारियों का अनुमान है कि तुर्किये और सीरिया में 20 हजार से ज्यादा लोगों की जान गई है। तुर्किये में कड़ाके की ठंड और बर्फबारी की वजह से राहत और बचाव कार्य में बाधा आ रही है। तुर्किये और सीरिया में हजारों इमारतें जमींदोज हो गई हैं। तुर्किये में वर्ष 1939 में 7.8 की तीव्रता का भूकंप आया था। इसमें 32 हजार से ज्यादा लोग मारे गए थे। इस भयानक प्राकृतिक आपदा पर तुर्किये में सोमवार से 7 दिन तक के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई है। सीरिया ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से सहायता की अपील की है।

इस बीच भारत ने तुर्किये की मदद के लिए एनडीआरएफ की टीम को भेजा है। गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट से यह टीम रवाना हुई। टीम में एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट दीपक तलवार समेत 47 अधिकारी और कर्मचारियों के अलावा स्वान भी शामिल हैं। भारत ने पैरामेडिकल स्टाफ और मेडिकल उपकरण भी भेजे हैं।

## चीन को जासूसी गुब्बारे का मलबा नहीं लौटाएगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिकी आकाश तक पहुंचे चीन के जासूसी गुब्बारे को मार गिराने के बाद अमेरिका ने गुब्बारे का मलबा चीन को लौटाने से इनकार कर दिया है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि इस घटना से दोनों देशों के रिश्ते कमजोर नहीं हुए हैं।

बीते अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने अमेरिकी आकाश में चीन के एक जासूसी गुब्बारे के उड़ान भरने की बात कही थी। शनिवार को लैटिन अमेरिका के आकाश में एक अन्य चीनी जासूसी गुब्बारे के उड़ान भरने की बात सामने आई थी। माना जा रहा था कि चीन इन गुब्बारों के माध्यम से अमेरिका और उसके आसपास के क्षेत्रों से अहम जानकारियां जुटाने की कोशिश कर रहा है। चीनी जासूसी का मामला सामने आने के बाद अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने अपनी चीन यात्रा स्थगित कर दी और अमेरिकी वायु सेना ने चीन के जासूसी गुब्बारे को मार गिराया। अमेरिकी फाइटर जेट एफ-22 की मदद से जासूसी गुब्बारे पर मिसाइल से हमला किया गया था। जासूसी गुब्बारे को मार गिराए जाने के बाद चीन ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अमेरिका को अंजाम भुगतने की चेतावनी दी थी। चीन ने इस कार्रवाई को राजनीतिक स्टंट बताते हुए जरूरत पड़ने पर अमेरिका को करारा जवाब देने की बात भी कही थी। अब अमेरिका ने गुब्बारे का मलबा चीन को लौटाने से इनकार कर दिया है। अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि मलबे को वापस करने की कोई योजना नहीं है। अमेरिकी सेना की उत्तरी कमान के कमांडर जनरल ग्लेन वानहर्क के मुताबिक, गुब्बारे की ऊंचाई 200 फीट तक थी। उन्होंने कहा कि इसमें कई हजार पाउंड



वजन का पेलोड था, जो मोटे तौर पर एक क्षेत्रीय जेट विमान के आकार का था। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि उनका हमेशा से मानना रहा है कि गुब्बारे को जितनी जल्दी हो सके मार गिराया जाना चाहिए। यह पूछे जाने पर कि क्या गुब्बारे की घटना से अमेरिका-चीन संबंध कमजोर हुए हैं? बाइडन ने कहा कि नहीं, हमने चीन को स्पष्ट कर दिया है कि हम क्या करने जा रहे हैं। वे हमारी स्थिति को समझते हैं। हम पीछे नहीं हटने वाले। हमने सही काम किया और यह कमजोर या मजबूत होने का सवाल नहीं है, यह वास्तविकता है।

# सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पाण्डे 17-20 फरवरी तक करेंगे नेपाल का दौरा

**काठमांडू।** भारत के थल सेना अध्यक्ष जनरल मनोज पाण्डे 17-20 फरवरी तक नेपाल का दौरा करने वाले हैं। नेपाली सेना प्रमुख जनरल प्रभुराम शर्मा के विशेष निमंत्रण पर जनरल पाण्डे का नेपाल दौरा तय हुआ है। जनरल पाण्डे का यह दूसरा नेपाल दौरा होगा।

18 फरवरी यानी महाशिवरात्रि के दिन नेपाली सेना के स्थापना दिवस पर आयोजित विशेष समारोह में सहभागी होने के लिए जनरल पाण्डे के काठमांडू आने की जानकारी नेपाली सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल कृष्ण प्रसाद भण्डारी ने दी है। उन्होंने बताया कि समारोह में भारतीय सेना के बैण्ड की विशेष प्रस्तुति भी रखी गई है। सैन्य प्रवक्ता भण्डारी ने कहा कि जनरल पाण्डे भारतीय सेना के विशेष विमान से 17 फरवरी की शाम काठमांडू पहुंचेंगे और 18



फरवरी को नेपाली सेना के स्थापना दिवस पर होने वाले समारोह में शिरकत करेंगे। नेपाली सेना की परमाधिपति नेपाल की राष्ट्रपति विद्या भण्डारी की मौजूदगी में समारोह का आयोजन किया जाएगा।

इस बार नेपाली सेना का स्थापना दिवस बहुत ही खास है। नेपाली सेना अपने स्थापना के 260वीं सालगिरह मना रही है। इसलिए इस बार का समारोह बहुत ही भव्य होने वाला है। नेपाली सेना के प्रवक्ता ने बताया कि सेना के 260वें स्थापना दिवस के विशेष समारोह में सहभागी होने के लिए नेपाली सेना के प्रधान सेनापति के तरफ से भारतीय थलसेनाध्यक्ष जनरल मनोज पाण्डे सहित सभी पूर्व सेनाध्यक्षों को भी निमंत्रण भेजा है। ब्रिगेडियर जनरल भण्डारी ने कहा कि चूंकि भारतीय थलसेनाध्यक्ष नेपाली सेना के मानार्थ महारथी (प्रधान सेनापति) होते हैं इस नाते इस समय तक के सभी पूर्व थल सेनाध्यक्षों को विशेष रूप से निमंत्रण भेजा गया है।

नेपाली सेना के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक महाशिवरात्रि के अवसर होने वाले विशेष समारोह के लिए भारतीय थलसेना के पूर्व जनरल विश्वनाथ शर्मा, जनरल शंकर रॉय चौधरी, जनरल वेद प्रकाश मलिक, जनरल सुन्दर राजन पद्मनाभन, जनरल निर्मल चन्दर बिज, जनरल जोगिन्द्र जसवन्त सिंह, जनरल दीपक कपूर, जनरल विजय कुमार सिंह, जनरल विक्रम सिंह, जनरल दलवीर सिंह और जनरल मनोज मुकुन्द नरवाने हैं। सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि अगले दो तीन दिनों में इनमें से कितने सहभागी हो सकते हैं उसकी जानकारी मिल जाएगी।

# नेपाल: विवादित नागरिकता विधेयक को पुन: संसद में पेश करने की तैयारी

**काठमांडू।** नेपाल की पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड की सरकार विवादों में घिरे नागरिकता विधेयक को पुनः संसद में पेश करने की तैयारी कर रही है। प्रधानमंत्री प्रचण्ड ने संसद में प्रतिनिधित्व कर रहे सभी राजनीतिक दलों के प्रमुख सचेतकों को बुलाकर इसकी जानकारी दी है। बैठक में सहभागी जनता समाजवादी पार्टी के सांसद प्रदीप



यादव ने कहा कि संसद के पिछले कार्यकाल में भी नागरिकता विधेयक को दोनों सदनों से पारित कर राष्ट्रपति के पास भेजा गया था लेकिन राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षर नहीं किए जाने के कारण कानून नहीं बन पाया। इसके कारण लाखों लोग नागरिकता से वंचित रह गए हैं, इसलिए एक बार फिर से उस विधेयक को संसद में पेश करने का प्रस्ताव प्रधानमंत्री की तरफ से रखा गया है। नेपाली कांग्रेस के प्रमुख सचेतक रमेश लेखक का कहना है कि आज की बैठक में प्रधानमंत्री ने नागरिकता विधेयक संबंधी प्रस्ताव तो रखा है लेकिन उसके विवादित प्रावधान को लेकर सत्तारूढ़ घटक दलों में ही एक राय नहीं है।

पिछली बार जिस पार्टी के विरोध के कारण राष्ट्रपति ने संसद के दोनों सदनों से पारित हुए विधेयक को कानून बनने से रोका था, आज उसी के समर्थन से प्रचण्ड प्रधानमंत्री बने हैं। इसलिए सत्तारूढ़ गठबंधन की राय जाने बिना नेपाली कांग्रेस अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दे सकती है।

# लुम्बिनी में मोरारी बापू के कार्यक्रम का वामपंथी संगठनों ने किया विरोध

**भैरहवा।** भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुम्बिनी में प्रख्यात कथावाचक मोरारी बापू के कार्यक्रम को रोकने की मांग करते हुए वामपंथी गठबंधन वाले संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया है। लुम्बिनी में मंगलवार से शुरू होने जा रही श्रीराम कथा को रोकने के लिए शहर में विरोध प्रदर्शन करते हुए भगवान बुद्ध की जन्मस्थली में हिन्दू धर्म के प्रचार-प्रसार पर रोक लगाने की चेतावनी दी गई।

लुम्बिनी में सत्तारूढ़ वामपंथी गठबंधन ने संयुक्त बौद्ध धर्मावलम्बी संघर्ष समिति बनाकर विरोध प्रदर्शन करते हुए लुम्बिनी विकास कोष को एक ज्ञापन पत्र भी सौंपा है। ज्ञापन पत्र में गैर बौद्ध धर्म वाले किसी भी क्रिया-कलाप को अनुमति नहीं




दिए जाने की मांग की गई। रूपन्देही जिले के पुलिस अधीक्षक रवीन्द्र रेग्मी ने मंगलवार से शुरू होने जा रहे सन्त मोरारी बापू के धार्मिक कार्यक्रम को हर हाल में और बिना किसी रुकावट के संपन्न कराने का भरोसा दिलाया है। रेग्मी ने कहा कि सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। बड़ी संख्या में सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है। वैसे तो मोरारी बापू के कथा वाचन को पहले ही तीन की देरी से शुरू किया जा रहा है। लुम्बिनी में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केन्द्र में मोरारी बापू का 9 दिनों तक कथा वाचन का आयोजन किया गया है। इसके लिए मोरारी बापू चार्टड फ्लाइट से ही गौतम बुद्ध अंतरराष्ट्रीय विमान स्थल भैरहवा पहुंचने वाले हैं। इस कार्यक्रम के आयोजक श्रीराम कथा प्रेम यज्ञ समिति के संयोजक राजेश अग्रवाल के मुताबिक इस कथा वाचन को सुनने के लिए 170 देशों से दो हजार से अधिक अनुयायी लुम्बिनी पहुंच चुके है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# सराफा बाजार: सपाट स्तर पर बाजार, सोने में मामूली तेजी, चांदी में हल्की गिरावट

**नई दिल्ली।** भारतीय सराफा बाजार में आज लगातार दूसरे दिन सोने के भाव में ज्यादा उतार-चढ़ाव नजर नहीं आया। आज के कारोबार में सोना और चांदी दोनों ही चमकीली धातुओं ने काफी सुस्त प्रदर्शन किया। सोना प्रति 10 ग्राम 21 रुपये की तेजी दिखाता रहा, तो चांदी की कीमत में प्रति किलोग्राम 112 रुपये की कमजोरी दर्ज की गई। सोने की कीमत में आई मामूली तेजी के बावजूद ये चमकली धातु आज भी 58 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे ही कारोबार करती रही।

जानकारों का कहना है कि वैश्विक बाजार में मजबूत रुझान बने रहने के बावजूद करेक्शन की वजह से भारतीय सराफा बाजार में दबाव का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। इसके साथ ही डॉलर इंडेक्स में पिछले 3 दिनों के दौरान आई मजबूती से भी वैश्विक स्तर पर सोना पर दबाव बनता हुआ नजर आया है। कल सोने का आखिरी बंद भाव 57,455 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। लेकिन आज की मामूली तेजी के बाद ये चमकीली धातु 57,476 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गई। सोने की अलग अलग श्रेणियों में आज 21 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 13 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की बढ़त दर्ज की गई। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक घरेलू सराफा बाजार में आज कारोबारी यानी 24 कैरेट (999) सोने की औसत कीमत 21 रुपये की बढ़त के साथ चढ़ कर 57,476 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) हो गई। इसी तरह 23 कैरेट (995) सोने की कीमत भी 21 रुपये की मजबूती के साथ 57,246 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) हो गई। जबकि जेवराती यानी 22 कैरेट (916) सोने की कीमत में आज 19 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी आई। इसके साथ ही 22 कैरेट सोना 52,648 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा 18 कैरेट (750) सोने की कीमत आज प्रति 10 ग्राम 16 रुपये तेज होकर 43,107 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गई। जबकि 14 कैरेट (585) सोना आज 13 रुपये महंगा होकर 33,624 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया।